

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-282 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 24 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


## केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलेगी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### सागर की भूमि और यहां के लोगों का मेरे जीवन में विशेष स्थान: उत्तराखंड मुख्यमंत्री श्री धामी

### उज्ज्वला योजना में 24 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 26 करोड़ की राशि अंतरित



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सागर के गौरव दिवस एवं जनकल्याण पर्व पर कहा है कि सागर में कैंसर अस्पताल एवं रानी अवंतीबाई विश्वविद्यालय में विधि संकाय शुरु होगा। बुधवार 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर शुरु होने जा रही केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वालीं विभूतियों को सम्मानित करने पर प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाखा बंजारा ने यहाँ झील का निर्माण कर लोगों को पेयजल की समस्या से निजात दिलायी। उनके यह महान कार्य सदा स्मरणीय हैं। मैं उनकी इस महानता को नमन करता हूँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सागर के गौरव दिवस एवं जनकल्याण पर्व पर नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाराजा छत्रसाल और आल्हा-ऊदल के शौर्य और बलिदान के लिए यह बुंदेलखंड की धरा जानी जाती है। अब बुंदेलखंड क्षेत्र का नया इतिहास लिखा जाएगा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 दिसम्बर को छतरपुर जिले के खजुराहो में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की नदी जोड़ने की परिकल्पना को साकार करने के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में मौजूद जनसमुदाय को मुट्ठी बांधकर परियोजना के भूमि-पूजन कार्यक्रम में आने का संकल्प दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौरझामर नगर परिषद, बंडा बरा नगर पंचायत, नरयावली नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा भी की।उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा सरकार द्वारा सागर के विकास के लिए कायाकल्प के कई कार्य किए गए हैं।

## नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म, अब कक्षा 5 और 8वीं की परीक्षा में असफल छात्र होंगे फेल

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने सोमवार को नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया है। इस फैसले के तहत अब कक्षा 5 और 8 की वार्षिक परीक्षा में असफल छात्रों को फेल किया जाएगा। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के फैसले की जानकारी दी है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि आज हमने यह निर्णय लिया है कि पांचवीं और आठवीं में प्रयास करने के बाद भी डिटेंशन की जरूरत पड़े तो उसी के बाद डिटेन किया जाए। इसमें यह भी प्रावधान किया है आठवीं कक्षा तक के स्कूलों से बच्चों को निष्कासित नहीं किया जाए। उन्होंने आगे कहा, हम चाहते हैं कि हर एक बच्चे के अंदर सीखने की इच्छा बढ़े और इसको प्रयास में लाने के लिए उन बच्चों पर ध्यान दिया जाएगा, जो पढ़ाई में किसी कारणवश अच्छे नहीं है।



*पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता और अन्य लोगों के साथ नई दिल्ली स्थित भाजपा दिल्ली कार्यालय में दिल्ली सरकार के खिलाफ दिल्ली भाजपा के आरोप पत्र (आरोप पत्र) जारी करने के दौरान।*


## फिल्ममेकर श्याम बेनेगल का निधन



मुंबई (ए)। फिल्ममेकर श्याम बेनेगल का सोमवार को सात बजे मुंबई के लीलावती अस्पताल में निधन हो गया। 14 दिसंबर को ही उन्होंने अपना 90वां जन्मदिन मनाया था।वो कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मुंबई के लीलावती अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। अंकुर, निशांत, मंथन जुबैदा, वेलकम टू सज्जनपुर और भूमिका जैसी फिल्मों के लिये चर्चित बेनेगल पेरेलल सिनेमा के अग्रणी निर्देशकों में शुमार किये जाते हैं। श्याम को 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया था।श्याम बेनेगल की फिल्मों ने भारतीय सिनेमा को बेहतरीन कलाकार दिए। इनमें नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी, अमरीश पुरी, अनंत नाग, शबाना आजमी, स्मिता पाटिल और सिनेमेटोग्राफर गोविंद निहलानी प्रमुख हैं। जवाहरलाल नेहरू और सत्यजीत रे पर डॉक्युमेंट्री बनाने के अलावा उन्होंने दूरदर्शन के लिए धारावाहिक यात्रा, कथा सागर और भारत एक खोज का भी निर्देशन किया।

## कड़ाके की ठंड और बर्फबारी जारी, श्रीनगर की डल झील और बद्रीनाथ का झरना जमा

**-उत्तराखंड में पारा माइनस 10 डिग्री, मध्यप्रदेश-राजस्थान में बारिश का अलर्ट जारी**



नई दिल्ली,(ए)। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तराखंड में तापमान माइनस 10 डिग्री पर पहुंच गया है। बद्रीनाथ धाम के पास उर्वशी धारा झरना जम गया है। वहीं, श्रीनगर की डल झील पर आधे इंच मोटी बर्फ की परत जमा हो गई। 21 दिसंबर की रात श्रीनगर में 50 सालों की सबसे ठंडी रात रही, जहां तापमान माइनस 8 डिग्री तक पहुंच गया था।जम्मू-कश्मीर में चिल्लई कलां का दौर शुरू हो गया है, जिसमें ठंड अपने चरम पर होती है। जोजिला में तापमान माइनस 25 डिग्री तक पहुंच गया। अन्य इलाकों में सोनमर्ग -5.1, पहलगाम -5.0, गुलमर्ग -4.8, और लेह -9.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कश्मीर के कई हिस्सों में झीलें और जलस्त्रोत जमने लगे हैं। मध्यप्रदेश में 23 से 28 दिसंबर के बीच बारिश और ओलों का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में मौसम बदलने की संभावना जताई है। वहीं, राजस्थान में भी बारिश हो सकती है। 24 दिसंबर यानी मंगलवार को पंजाब, हरियाणा, असम और मेघालय में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में शीतलहर और दक्षिण भारत में रायलसीमा और आंध्र प्रदेश में तेज बारिश हो सकती है।25 दिसंबर को पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली और हिमाचल में सीवियर कोल्डवेव। दक्षिण भारत में तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी बारिश की संभावना है। वहीं 26 दिसंबर को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और मध्य प्रदेश में तेज बारिश हो सकती है। महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में भी बारिश का अनुमान है।

## गृह मंत्री अमित शाह को देश से मांगनी पड़ेगी माफी : सचिन पायलट



नोएडा , (आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के नोएडा में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है और इसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए तथा पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। सचिन पायलट ने यहां एक प्रेस वार्ता में कहा, संसद सत्र में संविधान की 75 साल की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री ने अपने भाषण में बाबासाहेब का अपमान किया है। इस बयान से सभी आहत हैं। प्रधानमंत्री हों, गृह मंत्री या भाजपा, उन्हें संविधान से कोई मतलब नहीं है। बाबासाहेब को जानबूझ कर अपमानित किया गया। इसलिए न सिर्फ गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए, बल्कि पूरी भाजपा सरकार को माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस नहीं बल्कि हर वर्ग के लोग अंबेडकर जी को मान-सम्मान के साथ देखते हैं। उनके खिलाफ गृह मंत्री ने जो कहा है उससे उनका अपमान हुआ है। उन्होंने कहा, मैं यह बात इसलिए नहीं कह रहा हूं कि हम विपक्ष में हैं। संसद के अंदर देश के गृह मंत्री ने इस तरह की बात कही है। उनको पूरे देश से माफी मांगनी पड़ेगी। ऐसा पहली बार नहीं है।

## पुलिस की अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई जारी,10 नागरिक गिरफ्तार

मुंबई, (आरएनएस)। महाराष्ट्र पुलिस की अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ मुहिम जारी है। ठाणे, धुले के बाद अब नवी मुंबई क्राइम ब्रांच ने लगभग दो साल से अवैध दस्तावेजों के आधार पर नवी मुंबई के खारघर और एपीएमसी मार्केट परिसर में अवैध रूप से रह रहे 10 बांग्लादेशी नागरिकों के गिरफ्तार किया है, जिसमें एक छोटा बच्चा भी शामिल है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने लोगों को चेतावनी दी है कि यदि कोई नागरिक किसी बंग्लादेशी या विदेशी को बिना जानकारी के अवैध रूप से नौकरी या मकान किराए पर देता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी (क्राइम) अमित काले ने बताया कि नवी मुंबई में विदेशी नागरिक अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं और हमने इस पर कार्रवाई शुरू कर दी है। पहला बड़ा ऑपरेशन 12 दिसंबर को किया गया था, जहां हमने लगभग 70 अफ्रीकी नागरिकों को पकड़ा, जो ड्रग्स की गतिविधियों में लिप्त थे। लगभग 12 करोड़ रुपये की ड्रग्स सीज की थी। 16 व्यक्तियों को विभिन्न ड्रग्स-संबंधी अपराधों और जाली दस्तावेजों का उपयोग करने के लिए गिरफ्तार किया गया।

## पीलीभीत में तीन आतंकियों का एनकाउंटर ,पंजाब के गुरुदासपुर में पुलिस चौकी पर फेंके थे ग्रेनेड बम





पीलीभीत, (आरएनएस)। पंजाब के गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर बम फेंकने वाले आरोपियों के खिलाफ यूपी पुलिस और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुठभेड़ की खबर सामने आई है। पुलिस मुठभेड़ में हुई इस फायरिंग से तीनों अपराधी ढेर हो गए हैं।यह मुठभेड़ उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के पूरनपुर में हुई है। पुलिस मुठभेड़ में हुई फायरिंग से तीनों अपराधी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनको उपचार के लिए सीएचसी पूरनपुर रवाना किया गया है, जहां उनकी मौत की खबर सामने आई।यह मुठभेड़ उस वक्त हुई जब पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की थी। घायल अपराधियों के पास से पुलिस ने 2 राइफल, 2 ग्लॉक पिस्टल के साथ ही भारी मात्रा में कारतूस बरामद किया है।पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पाकिस्तान प्रायोजित खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के आतंकी मॉड्यूल के खिलाफ एक बड़ी सफलता मिली है। यूपी पुलिस और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में मॉड्यूल के तीन सदस्यों के साथ मुठभेड़ हुई है, जिन्होंने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी की थी।

## महाराष्ट्र के पुणे में भीषण हादसा, डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे 9 लोगों को कुचला

पुणे (आरएनएस)। महाराष्ट्र के पुणे में भीषण सड़क हादसा हो गया, जहां तेज रफ्तार डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे 9 लोगों को कुचला दिया। इस हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है।यह घटना पुणे के वाघोली के केसनंद फाटा में रविवार को देर रात 12.30 बजे के आसपास हुई। हादसे में घायल सभी लोग मजदूर बताए जा रहे हैं। ये लोग रविवार रात को ही काम के सिलसिले में अमरावती से पुणे आए थे। यह घटना वाघोली के केसनंद नाके पर पुलिस स्टेशन के सामने हुई। हादसे के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए ससून अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





## ये लोग खोदते-खोदते एक दिन अपनी सरकार खोद देंगे, अखिलेश का भाजपा पर निशाना



इटावा(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के इटावा में भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने हर जगह मंदिर या अन्य जगह खुदाई पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के लोग एक दिन खोदते-खोदते अपनी सरकार खोद देंगे।सपा मुखिया ने यहां पत्रकारों से बातचीत में संभल में मंदिर मिलने पर कहा, ये ऐसे ही खोदते रहेंगे और खोदते-खोदते एक दिन अपनी सरकार को खोद देंगे। ये मठ विधान पर चलने वाले लोग हैं। सरकार हटेगी तभी आवारा पशु हट पाएंगे। वन नेशन-वन इलेक्शन वाले अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन पाए।उन्होंने बाराबंकी के सपा विधायक द्वारा भाजपा को हिन्दू आतंकवादी कहे जाने वाले बयान पर कहा कि जो लोग नफरत फैलाते हैं, लोगों को मारते हैं, सड़क पर नंगा कर देते हैं, उन्हें क्या कहा जाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के बयान को राजनीति से प्रेरित बताते हुए उन्होंने कहा कि यह भाजपा की अंडरग्राउंड विचारधारा है। उन्होंने कहा कि अगर मोहन भागवत मुख्यमंत्री को एक फोन कर दें तो सारे सर्वे और सारे विवाद बंद हो जाएंगे। ये बयान राजनीतिक लाभ के लिए दिए जा रहे हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने यूपीएससी धोखाधड़ी मामले में पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया, जिन पर 2022 यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी करने का आरोप है। खेडकर पर आरोप है कि उन्होंने ओबीसी और विकलांगता कोटे के तहत गलत तरीके से लाभ लिया, जबकि उनकी पात्रता पर सवाल उठाए गए हैं।

न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने अपनी टिप्पणी में कहा कि खेडकर के खिलाफ प्रथम दृष्टया मजबूत मामला स्थापित हो चुका है और मामले की पूरी हद को उजागर करने के लिए आगे की जांच जरूरी है। उन्होंने इसे संवैधानिक निकाय और समाज के साथ धोखाधड़ी का क्लासिक मामला करार दिया।खेडकर पर आरोप है कि उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा के लिए आवेदन करते समय अपनी पहचान को गलत तरीके से प्रस्तुत किया और आरक्षण लाभ के लिए अपनी स्थिति को हेरफेर किया।

## कांग्रेस आंबेडकर के प्रति प्यार दिखाने का कर रही नाटक : रविशंकर प्रसाद



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। बाबा साहब भीम राव आंबेडकर पर सियासत थमने का नाम ही नहीं ले रही है। कांग्रेस की ओर से भाजपा पर, तो भाजपा की ओर से कांग्रेस पर आंबेडकर के अपमान करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसी वार-पलटवार के बीच सोमवार को भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पार्टी पर जोरदार हमला किया।रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस आजकल डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के प्रति प्यार दिखाने का नाटक कर रही है, लेकिन इतिहास गवाह है कि कांग्रेस पार्टी ने आंबेडकर को हमेशा नजरअंदाज किया और उनके योगदान को रौंदने का काम किया। रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस को हिपोक्रेसी बंद करने की सलाह दी और आंबेडकर के प्रति कांग्रेस की नीतियों पर सवाल उठाए।रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने डॉक्टर आंबेडकर को 1952 और 1954 के चुनावों में हराया था और उनका अपमान किया। इसके अलावा, कांग्रेस सरकार ने उन्हें कानून मंत्री के पद से इस्तीफा देने पर मजबूर किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने आंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया, जबकि आंबेडकर भारत के सबसे योग्य नेताओं में से थे। आंबेडकर को इस्तीफा देने के बाद बोलने का मौका नहीं दिया गया और बाद में उनकी एक प्रेस रिलीज जारी की गई, इसमें उन्होंने कहा था कि वह सबसे योग्य थे और फाइनेंस, उद्योग, और कानून में काम करने के लिए पूरी तरह से सक्षम थे, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें काम करने का मौका नहीं दिया।उन्होंने आगे कहा कि आंबेडकर को हिंदू कोड बिल लाने से रोका गया और उन्होंने एससी, एसटी समुदाय के लिए अधिकारों की रक्षा की बात की थी, लेकिन कांग्रेस ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

## बाइक सवार अभियुक्तों ने की फायरिंग, एक युवक हुआ गंभीर रूप से घायल

मैनपुरी (आरएनएस)। मैनपुरी के थाना बेवर क्षेत्र के गांव नेकामऊ में बाइक सवार अभियुक्तों ने फायरिंग कर दी, जिसके कारण एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। फायरिंग का कारण युवती के गायब होने की अफवाह को बताया जा रहा है।

फायरिंग से गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत घेरकर दो अभियुक्तों को पकड़ लिया। अभियुक्तों के पास से एक तमंचा और कई कारतूस बरामद हुए हैं।घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है।

अभियुक्त पांच बाइकों पर सवार होकर आए थे और उन्होंने नेकामऊ गांव में हमला बोला था।

K & K

राजधानी समाचार





# प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत-अभिनंदन है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : सरकार हर स्तर पर करेगी प्रभावी कार्यवाही

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री धामी का स्वागत



भोपाल ( आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना की सौगात देने मध्यप्रदेश पधार रहे हैं, उनका प्रदेश की धरती पर स्वागत अभिनंदन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नदी जोड़ो अभियान बड़े स्वरूप में आकार लेगा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर प्रदेश को मिल रही इस सौगात से सागर, दतिया सहित सम्पूर्ण बुंदेलखण्ड को पर्याप्त सिंचाई और पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनकल्याण पर्व और सागर गौरव दिवस के अवसर पर क्षेत्र को सौगातें प्रदान करने के कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भी सहभागिता की। इन सौगातों से सम्पूर्ण क्षेत्र का आने वाला कल बेहतर होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजकीय विमान तल पर मीडिया से चर्चा में यह बात कही।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने कई कठोर निर्णय लिए हैं, जिनमें टोल बैरियर पर वसूली बंद करने का निर्णय भी एक है। राज्य सरकार किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके लिए जिस भी स्तर पर आवश्यक होगा सरकार द्वारा कार्यवाही की जाएगी। सुशासन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विकास और जनकल्याण की दिशा में हम निरंतर गतिशील है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजकीय विमानतल पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री धामी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही चंदेरी का अंगवस्त्र और राजा भोज की प्रतिमा भेंट की। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री धामी ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पगुच्छ और शाल भेंट कर अभिवादन किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय किसान दिवस की दीं शुभकामनाएँ

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अन्नदाता किसान भाई-बहनों को किसान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि चौधरी जी ने किसानों, गरीबों और वंचितों के हितों के संरक्षण और उनके समग्र विकास के लिए अपना सर्वस्व जीवन समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए उनका समर्पण और किसान कल्याण एवं कृषि विकास के प्रयास हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती, किसानों के प्रति सम्मान प्रकट करने और उनके योगदान के बारे में जन सामान्य में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनायी जाती है।

# मध्यप्रदेश ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग में अग्रणी राज्य : सर्वेयर जनरल श्री मकवाना

## ड्रोन नीति पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश ड्रोन टेक्नोलॉजी में अग्रणी बनने की ओर अग्रसर है। राज्य में ड्रोन टेक्नोलॉजी के लिए बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने और ड्रोन नीति पर विचार विमर्श के लिए सोमवार को शासन में ड्रोन का उपयोग एवं मध्यप्रदेश में ड्रोन पारिस्थितिक तंत्र का विकास विषय पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कार्यशाला हुई। कार्यशाला में ड्रोन प्रौद्योगिकी के व्यापक अनुप्रयोगों पर चर्चा की गयी। सर्वेयर जनरल ऑफ इंडिया हितेश कुमार मकवाना, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे, प्रबंध निदेशक एमपीएसईडीसी आशीष वशिष्ठ ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ड्रोन केन्द्र सूचना पोर्टल https://drone. mp.gov.in/ भी लाँच किया गया। सर्वेयर जनरल श्री मकवाना ने कहा कि भारत में पिछले छः वर्षों में ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ है। ड्रोन के शुरूआती सीमित उपयोग से लेकर आज इसके व्यापक उपयोग तक ड्रोन एक बहुउपयोगी उपकरण के रूप में उभरा है। भारत सरकार ने ड्रोन टेक्नोलॉजी के व्यापक उपयोग के लिये ड्रोन नीति बनाई है। मध्यप्रदेश ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। राज्य ने स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन मे ड्रोन टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुये विशेष उपलब्धि हासिल की है। ड्रोन टेक्नोलॉजी कुशल, सुलभ और कम लागत मे उपलब्ध टेक्नोलॉजी है। एसीएस संजय दुबे ने कहा कि केन्द्र सरकार ने ड्रोन नीति के तहत ड्रोन टेक्नोलॉजी आधारित इको-सिस्टम विकसित करने का लक्ष्य रखा है।

## राजधानी में बदमाशों के हौसले बुलंद

भोपाल (आरएनएस)। सुपारी व्यापारी पर अड़ी डालने का प्रयास थाना मंगलवारा क्षेत्र में बदमाश ने व्यापारी को डराने के लिए किया फायरफरियादी मूलचंद जैन पर अड़ी डालने का प्रयासथाने में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवारा थाने के अंतर्गत सब्जी मंडी की गली में सुपारी व्यापारी पर गोली चलाने का प्रयास किया गया। एवं दो फायर किये गए। फरियादी मुलायम चंद जी जैन पर दिए गए थे फायर।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से एमपी पीएससी अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि मंडल ने की भेंट

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से एमपी पीएससी अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार अभ्यर्थियों की मांगों पर सकारात्मक और सहयोगी दृष्टिकोण से विचार कर रही है, प्रतिनिधि मंडल द्वारा रखी गई मांगों के निराकरण के लिए उचित निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। विभिन्न विभागों के रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है, आगामी समय में अधिक पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट करने वाले प्रतिनिधि मंडल में राधे जाट, सुरेंद्र पटेल, अभिषेक गौतम, कुलदीप सरकार, रंजीत कृष्णवंशी और सुरेंद्र यादव शामिल थे।

# स्वास्थ्य मानकों में सुधार के लिए सशक्त स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जन-जागरूकता ज़रूरी : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा



भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश के हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य जागरूकता, समय पर निदान और रोकथाम के उपायों को सफलतापूर्वक लागू कर, हम प्रदेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनायेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर डिलीवरी और स्वास्थ्य मानकों में सुधार के लिए जनता को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वास्थ्य देखभाल के उचित तरीकों और आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चार इमली स्थित निवास कार्यालय पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और प्रदेश में स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा की।

### स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिये महत्वपूर्ण है समय पर चिन्हांकन

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि समय पर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के लिए सही समय पर चिन्हांकन आवश्यक है। जिससे उनका सही समय पर समाधान भी सुनिश्चित किया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रोकथाम आधारित स्वास्थ्य देखभाल (प्रिवेंटिव हेल्थ केयर मेजर्स) स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय जितना ही महत्वपूर्ण है। इससे प्रदेश में शिशु मृत्यु दर (IMR) और मातृ मृत्यु दर (MMR) सहित विभिन्न स्वास्थ्य मानकों में सुधार लाया जा सकता है।

## पत्नी के चरित्र पर संदेह पर पति ने पत्नी की गला दबाकर की हत्या



भोपाल(ए)। राजधानी के परवलिया थाना इलाके में पति ने शादी के 2 साल बाद ही अपनी पत्नी की गला घोटकर हत्या कर दी। आरोपी पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना इलाके में स्थित ग्राम तारा सेवनिया में रहने वाले राजेश अहिरवार पुत्र मुन्ना लाल की शादी साल 2020 में मधु अहिरवार 22 से हुई थी, दोनों के 1 साल का बच्चा भी है। मेहनत- मजदूरी का काम करने वाला पति राजेश पत्नी के चरित्र को लेकर शक करता था। इस बात को लेकर दंपति में आए दिन विवाद होता रहता था। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर जमकर झगड़ा हो गया। जब पत्नी मधु ने उसका कड़े शब्दों में विरोध किया तब गुस्से में आए राजेश ने गला दबाकर मधु की हत्या कर दी। पत्नी की हत्या के बाद पति राजेश ने थाने जाकर सरेंडर करते हुए पुलिस को सारी घटना बता दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने नवविवाहिता कश्यप बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। आरोपी पति को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की छानबीन में जुटी है।

## सुशासन दिवस पर शपथ दिलायी जायेगी

भोपाल(निप्र)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। मंगलवार 24 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में सुशासन दिवस की शपथ दिलाई जायेगी।

# आधुनिक युग की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण योजनाओं के समन्वय पर कार्यशाला आयोजित

## कौशल विकास प्रशिक्षण योजनाओं पर 32 विभागों ने आपसी समन्वय पर की चर्चा

भोपाल (आरएनएस)। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा सोमवार को वल्लभ भवन, मंत्रालय में कौशल प्रशिक्षण योजनाओं को आधुनिक युग की मांगों के अनुरूप तैयार करने और अधिकाधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 31 विभागों ने कौशल विकास प्रशिक्षण योजनाओं पर आपसी समन्वय पर गहन चर्चा की। कार्यशाला की अध्यक्षता तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार सचिव रघुराज राजेन्द्रन (आईएएस) ने की। सचिव रघुराज राजेन्द्रन (आईएएस) ने कहा कि आधुनिक समय में कौशल विकास योजनाओं को इस तरह से तैयार किया जाना चाहिए, जो रोजगारोन्मुखी हो। उन्होंने कहा कि कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के लिए दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को आईटीआई परिसरों का



दौरा करवाना चाहिए, जहां वे विभिन्न ट्रेड्स और कैरियर विकल्पों को समझ सकें। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए पर्सनालिटी डेवलपमेंट क्लासेस और कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि वे अपनी रुचि और क्षमताओं के अनुरूप अपने कैरियर की योजना बना सकें। सचिव राजेन्द्रन ने इस बात पर जोर दिया कि स्कूल के बाद विद्यार्थी समानांतर रूप से कई ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनके कौशल और रोजगार के अवसरों में व्यापकता आएगी। उन्होंने ग्रामीण और जनजाति समुदायों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन समुदायों के लोगों को उनके पारंपरिक व्यवसायों में और अधिक कुशल बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। यह पहल उनके रोजगार को मजबूत करने और उनकी आजीविका में सुधार लाने में सहायक होगी। कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न विभागों में संचालित कौशल प्रशिक्षण योजनाओं का समन्वय करना और उन्हें साझा प्लेटफॉर्म पर लाने के उपायों पर चर्चा करना था।

## फ्रॉड के मास्टरमाइंड राहुल श्रीवास्तव ने 3 महीने में किए 3 करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन

भोपाल (आरएनएस)। कोलार पुलिस ने एक साइबर जालसाजों को खाता बेचने वाले गिरोह को पकड़ा है। जिसका मास्टरमाइंड राहुल श्रीवास्तव है। इनमें लिवइन पार्टनर्स भी शामिल है। इनके दो खातों में तीन महीने में तीन करोड़ के ट्रांजेक्शन हुए हैं।आरोपियों के पास से 3 कार्ड स्वाइप मशीन, 6 मोबाइल फोन, 34 क्रेडिट डेबिट कार्ड ,20 चेक, 24 चेक बुक ,6 पास बुक, सिम रैपर, 77 सिम कार्ड, 2 डायरी, 1 कॉपी, 12 एटीएम, पिन रैपर, 1 लैपटॉप, 2 वाई-फाई राउटर समेत 8 लाख कैश मिली है। दर्जनों जिलों की पुलिस ने होल्ड लगवाया है।आरोपी आधार और पेन कार्ड, गुमास्ता बनवाने का काम करते थे। गरीब और मजदूरों के दस्तावेज बहाने से हासिल कर फर्जी तरीके से खाते खुलाते थे। इन खातों को देश भर में साइबर जालसाजों को बेच दिया जाता था। आरोपियों के दो खातों में तीन महीने में तीन करोड़ के ट्रांजेक्शन हुए।

## डॉ केसवानी बोले- तिरंगा हमारी आन, बान, और शान, भगवा हमारे प्राणों में बसता है, दिग्विजय सिंह ढोंग बंद करें

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में खिलचीपुर नाके पर तिरंगे की जगह भगवा झंडा लगाए जाने को लेकर विवाद ने राजनीतिक रंग ले लिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने स्थानीय भाजपा विधायक अमर सिंह यादव पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विधायक ने तिरंगा हटवाकर भगवा झंडा लगवाया। दिग्विजय सिंह ने जिला प्रशासन और कलेक्टर को इस मामले में 24 दिसंबर तक का अल्टीमेटम दिया है।

**भाजपा ने किया पालटवार**

दिग्विजय सिंह के इस बयान पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश केसवानी ने कड़ा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह हमेशा एक विशेष वर्ग की राजनीति करते हैं और धार्मिक प्रतीकों को विवादों में घसीटते हैं। केसवानी ने दिग्विजय सिंह पर आरोप लगाया कि उन्होंने भगवे को आतंकवाद से जोड़ा और जाकिर नायक जैसे विवादित व्यक्ति को शांति का दूत बताया। दिग्विजय सिंह उन लोगों के साथ जाकर खड़े होते हैं जो कहते हैं भारत तेरे टुकड़े होंगे इंशाल्लाह इंशाल्लाह।

**तिरंगा हमारी आन, बान और शान**

डॉ. केसवानी ने कहा, तिरंगा हमारी आन, बान और शान है और भगवा हमारे प्राणों में बसता है। दिग्विजय सिंह को किसी भी झंडे की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

## सीवर से परेशान गौरीशंकर परिसर के रहवासी सड़क पर उतरे,थाली बजाई

भोपाल (आरएनएस)। गौरीशंकर परिसर कॉलोनी में रविवार को बड़े-बच्चे सड़क पर उतरे। हाथों में तख्तियां लेकर उन्होंने थाली बजाई और निगम के जिम्मेदारों को नींद से जगाया। उनका कहना था कि एक साल से सीवेज की परेशानी है। सफाई नहीं होने से गंदगी ही गंदगी है। इस कॉलोनी में 8 हजार लोग रहते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता उमाशंकर तिवारी की मौजूदगी में कॉलोनी के लोगों ने थाली बजाई और प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक प्रदर्शन चला। खास बात ये है कि प्रदर्शन में छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हुए। जिन्होंने हाथों में थाली ले रखी थी और उसे बजा रहे थे।गौरीशंकर परिसर कॉलोनी में सीवेज की सबसे बड़ी परेशानी है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट चालू करने के लिए गौरीशंकर कौशल आवासीय परिसर रहवासी रखरखाव सहकारी समिति एक साल से निगम से गुहार लगा रही है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इस कारण नाराज लोग रविवार को सड़क पर उतर गए।कॉलोनी में कुल 1976 आवास हैं। यहां ट्रीटमेंट प्लांट बंद होने से सीवेज का गंदा पानी खुले में भर रहा है। आवासों के नीचे भी ओवरफ्लो होकर पानी बह रहा है।

# मंत्री श्री सारंग ने श्री खेड़ापति हनुमान कॉरिडोर छोला के रिंग रोड का किया निरीक्षण

भोपाल (आरएनएस)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को भोपाल के नरेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छोला स्थित श्री खेड़ापति हनुमान कॉरिडोर के तहत मन्दिर प्रांगण के विस्तारीकरण के रिंग रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉरिडोर मार्ग के चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री श्री सारंग ने क्षेत्रवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को नागरिकों की सुविधा के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए।

### पेड़ नहीं काटने के दिये निर्देश

मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों के साथ करीब डेढ़ घण्टे तक पैदल रिंग रोड सहित कॉरिडोर के मार्ग में आ रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने स्पष्ट निर्देश दिए कि रिंग रोड के चौड़ीकरण के दौरान किसी भी पेड़ को काटा नहीं जाए। उन्होंने कहा विस्तारीकरण में सभी कार्यों को संबंधित विभागों के समन्वय के साथ किया जाए।

### पुलिस स्टेशन निर्माण कार्य का जायजा



मंत्री श्री सारंग ने छोला क्षेत्र में निर्माणाधीन पुलिस स्टेशन स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समयावधि में और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। मंत्री ने कहा कि पुलिस स्टेशन का निर्माण क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा और जनता को शीघ्र न्याय और सुरक्षा प्रदान करने में सहायक होगा।

### रहवासियों से लिये सुझाव

निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग, नगर निगम और एमपीईबी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के रहवासी भी उपस्थित थे। मंत्री श्री सारंग ने जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना। उन्होंने रिंग रोड मार्ग में आ रहे अवरोधों को दूर करने, सुलभ सहित अन्य भवनों की शिफ्टिंग के सम्बंध में रहवासियों से चर्चा की, जिस पर रहवासियों ने अपनी सहमति दी।

## जिंदा बेटी का क्रियाकर्म, परिवार वालों ने रिश्तेदारों और समाज के लोगों को मृत्युभोज कराया

मंदसौर (आरएनएस)। एक परिवार ने अपनी जिंदा बेटी का क्रियाकर्म कर दिया। इसके लिए शोक पत्रिका भी छपवाई गई। रिश्तेदारों और समाज के लोगों को मृत्युभोज कराया गया। परिवारवालों ने युवती की जिस लड़के से सगाई तय की थी, पहले उन्होंने रिश्ता तोड़ दिया था। बाद में युवती उसी लड़के के साथ चली गई। पिता ने कहा कि बेटी ने इज्जत मिट्‌टी में मिला दी।बता दें कि 16 दिसंबर को युवती घर से चली गई थी। परिवारवालों ने उसी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने युवती और उसके प्रेमी को खोजकर थाने लाया था। यहां युवती ने अपने बयान में कहा कि 'मैं प्रेमी के साथ ही रहना चाहती हूं। ये फैसला मेरा स्वयं का है। मैंने शादी भी कर ली हैं। युवती के पिता ने कहा कि मैंने अपनी बेटी की सगाई अपने समाज के युवक के साथ की थी। लड़के वालों ने रकम भी चढ़ाई थी। वे शादी की जल्दी कर रहे थे। इस पर मैंने कहा था-अगली फसल आने पर शादी कर देंगे। इस बात को लेकर लड़के वालों ने रिश्ता तोड़ दिया और चढ़ाए नए गहने भी वापस ले गए थे। पिता ने कहा कि मां-बाप बेटी का पालन पोषण करते हैं, पढ़ाते-लिखाते हैं और बेटियां मां-बाप का मान सम्मान नही रखती। यही कारण है कि हमने अपनी जिंदा बेटी का क्रियाकर्म किया, ताकि आगे कोई भी लड़की अपने परिजनों की इज्जत मिट्टी में न मिला सके।

## पति की डांट से नाराज पत्नी ने पिया कीटनाशक

छतरपुर (आरएनएस)। माधोपुर गांव में शनिवार दोपहर को पति की डांट से नाराज महिला ने कीटनाशक दवा का सेवन कर दिया। परिजन उसे नौगांव अस्पताल लेकर आए, जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार माधोपुर निवासी ममता पति अरविंद यादव (22) अपने पति अरविंद के साथ रहती है। शनिवार दोपहर 12 बजे महिला अपने पति के लिए खाना लेकर खेत पर पहुंची थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि, लेट खाना लाने पर अरविंद ने ममता को डांट दिया। जिससे नाराज होकर महिला ने खेत पर रखी गेहूं में डालने वाली दवा का सेवन कर लिया। कुछ समय बाद महिला की हालत बिगड़ने पर उसे उल्टियां होने लगी। इसके बाद अरविंद ने परिजनों को घटना की सूचना दी और उसे प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए नौगांव अस्पताल लाए। जहां से डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए देर रात जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरी, एक की मौत

छिंदवाड़ा (आरएनएस)। उमरानाला के गोरेघाट में निर्माणधीन मकान की दीवार गिरने से 1 मजदूर की मौत हो गई है, जबकि 2 मजदूर घायल हो गए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम मामला जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार दीवार के नीचे दबने से संजय पिता सूरज लाल धुर्वे उम्र (32) साल की मौत हो गई। वह हेटी में नीलेश वास्ते के यहां मकान निर्माण कार्य में मजदूरी का काम रहा था।

रविवार की दोपहर तकरीबन 1.30 बजे निर्माणधीन मकान की दीवार भरभराकर गिर गई थी। इसमें संजय धुर्वे, प्रकाश पाटिल और रमेश तुमड़ा दब गए। संजय को गंभीर चोट आई थी, जबकि प्रकाश और रमेश को मामूली घायल हुए थे। मौके पर मौजूद लोग घायलों को लेकर अस्पताल तत्काल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान संजय ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। उमरानाला पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पाताली हनुमान से लेकर कांच मिल तक का मार्ग होगा डस्ट फ्री

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने नगर निगम आयुक्त के साथ किया निरीक्षण



ग्वालियर(आरएनएस)। उपनगर ग्वालियर के हजीरा क्षेत्र में स्थित पाताली हनुमान से लेकर कांच मिल तक के मार्ग को डस्ट फ्री मार्ग बनाया जायेगा। इस सिलसिले में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार को नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव के साथ इस क्षेत्र का जायजा लिया। उन्होंने साथ में मौजूद नगर निगम के अधिकारियों को इस मार्ग को डस्ट फ्री बनाने के लिये आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही स्थानीय निवासियों को डस्टबिन सौंपी और उनसे आग्रह किया कि अपने घर के कचरे को डोर टू डोर टिपर वाहन और डस्टबिन में ही डालें। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रीय निवासियों को स्वच्छता का संदेश देने के लिये सड़क पर पड़ा कचरा भी उठाया। इस दौरान श्री तोमर द्वारा चलाए गए स्वच्छता कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनों ने भी भाग लिया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पाताली हनुमान मंदिर से लेकर कांचमिल तक के मार्ग को डस्ट फ्री बनाने के लिये पेडों पर जमी धूल को साफ कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा सडक किनारे पेवर्स ब्लॉक लगाए जाएं। इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने यहां के रहवासियों और दुकानदारों से आग्रह किया कि अपने स्वास्थ्य की चिंता करना हम सबकी जिम्मेदारी है। अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने के लिए नगर निगम के कर्मचारियों के साथ-साथ हम सब सहभागी बनें। अपने घर और दुकान के आसपास गमले लगाकर वृक्ष रोपें और उनकी देखभाल करने के साथ-साथ साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। ऊर्जा मंत्री ने चारपहिया ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे वृद्धजनों से इस मौके पर आग्रह किया कि वह आयुष्मान कार्ड बनवाकर नि:शुल्क उपचार सुविधा प्राप्त करें। इस अवसर पर जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारि उपस्थित रहे ।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत आईटीआई बामनिया में 19 छात्र को लर्निंग लाइसेंस बना कर प्रदान किये गये

### मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अन्तर्गत आयोजित किये जाने वाले लर्निंग लायसेंस कैम्प शेड्यूल जारी

*झाबुआ (आरएनएस)। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत आईटीआई बामनिया में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को लर्निंग लाइसेंस प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही 19 छात्र को लर्निंग लाइसेंस बना कर प्रदान किये गये। कलेक्टर नेहा मीना के*



*निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अन्तर्गत आयोजित किये जाने वाले लर्निंग लायसेंस कैम्प शेड्यूल जारी किया गया हैं। 24 दिसम्बर 2024 शासकीय कन्या महाविद्यालय झाबुआ प्रात: 11:30 से दोपहर 04 बजे, 26 दिसम्बर 2024 आई टी आई मेघनगर प्रात: 10 से दोपहर 03 बजे तक, 27 दिसम्बर 2024 शासकीय महाविद्यालय राणापुर प्रात: 10 से दोपहर 03 बजे तक , 30 दिसम्बर 2024 आई टी आई थांदला प्रात: 10 से दोपहर 03 बजे तक , 31 दिसम्बर 2024 शासकीय आदर्श महाविद्यालय झाबुआ प्रात: 10 से दोपहर 03 बजे तक, 01 जनवरी 2025 शहीद चन्द्रशेखर आजाद, शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय प्रात: 11 से दोपहर 03 बजे तक, 03 जनवरी 2025 शासकीय महावीर महाविद्यालय पेटलावद प्रात: 11 से दोपहर 03 बजे तक, 07 जनवरी 2025 शासकीय महाविद्यालय थाँदल प्रात: 11 से दोपहर 03 बजे तक, 09 जनवरी 2025 शासकीय महाविद्यालय मेघनगर प्रात: 11 से दोपहर 03 बजे तक, 10 जनवरी 2025 शकुन्तला अशासकीय महाविद्यालय थांदला प्रात: 11 से दोपहर 03 बजे तक, 16 जनवरी 2025 माँ त्रिपुरा नर्सिंग कॉलेज झाबुआ प्रात: 11 से दोपहर 03 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।*

## दिनचर्या में खेलों को करें शामिल : पुलिस अधीक्षक

दतिया (आरएनएस)। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व के अन्तर्गत आयोजित खिलाड़ियों को प्रोत्साहन कार्यक्रम के समापन अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक बीरेन्द्र कुमार मिश्रा नें कहा कि हमें खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए वर्तमान प्रदूषण युक्त वातावरण से छुटकारा पाने के लिये नियमित खेल अभ्यास करना व्यायाम करना आवश्यक है। खेलों के माध्यम से प्रदेश में पुलिस विभाग के साथ ही विभिन्न विभागों में भी खिलाड़ियों के लिये रोजगार के अवसर शासन द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे हैं आप सभी इसका लाभ अपनी मेहनत और परिश्रम से प्राप्त करें। कार्यक्रम के अन्तर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बालक एवं बालिका वर्ग में किया गया। जिसमें लगभग एक सैकड़ा खिलाड़ियों नें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान पुलिस अधीक्षक मिश्रा नें खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें निरंतर अभ्यास के लिये प्रोत्साहित किया। बालक वर्ग में कबडडी संघ विजेता एवं शारदा हाईस्कूल की टीम नें उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में मॉ सरस्वती ज्ञान मंदिर प्रथम, एम.एल.बी.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वितीय एवं शासकीय हाईस्कूल होलीपुरा नें तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## विधायक श्री बरकड़े ने जन कल्याण शिविरों में शामिल होकर बताया अभियान का उद्देश्य

जबलपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत आज सोमवार को जनपद पंचायत कुंडेश्वर धाम की ग्राम पंचायत सरौली एवं साताबेली में आयोजित शिविरों में विधायक संतोष



बरकडे भी शामिल हुए।इस अवसर पर विधायक श्री बरकड़े ने कहा कि यह अभियान युवा, नारी, किसान और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित है। अभियान के तहत वंचित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण कर उन्हें चिन्हित किया जाएगा, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंच सके। इसके साथ ही, सभी योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की सटीक निगरानी के लिए सीएम हेल्पलाइन डेशबोर्ड का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज के सभी वर्गों के कल्याण और समावेशी विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस दौरान उन्होंने पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप केंद्र एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं से शेष रह गए प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत आज जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर 46 शिविरों का आयोजन किया गया था।

## पुलिसकर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

रायसेन (आरएनएस)। जिला पुलिस लाइन में रविवार को पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों के लिए मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसपी पंकज कुमार पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया।यह स्वास्थ्य शिविर धृति फाउंडेशन की ओर से भोपाल के दो अस्पतालों के साथ मिलकर से लगाई गई। जिसमें पुलिस अधिकारी और जवानों ने हिस्सा लिया और अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। इस दौरान कई पुलिस जवान और अधिकारी अनफिट पाए गए। किसी को बीपी तो किसी को शुगर की बीमारी निकली।वहीं, पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडे ने कहा कि पुलिस और उनके परिजनों के लिए यह मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। ताकि सभी के स्वास्थ्य का परीक्षण कराया जा सके। एसपी की पत्नी इंदु पांडे ने कहा कि हमारा जो धृति परिवार है, पुलिस परिवार कल्याण केंद्र है। धृति में कांस्टेबल से लेकर सब इंस्पेक्टर तक के परिवार वालों को हम कुछ प्रोडक्ट बनाना सिखाए जाते है।

## व्यापार समाचार

# आरबीआई से पूरे साल नहीं मिला सस्ते लोन का तोहफा, अब 2025 पर सभी की नजरें

मुंबई (आरएनएस) ।आसमान छूती महंगाई ने इस पूरे साल आरबीआई को सस्ते लोन का तोहफा देने से रोके रखा। इसके चलते आरबीआई के पूर्व गवर्नर शक्तिकान्त दास ने 2024 में ब्याज दरों में कटौती के दबाव को नजरअंदाज किया और अपना मुख्य ध्यान महंगाई पर केंद्रित रखा। हालांकि, अब नए मुखिया की अगुवाई में केंद्रीय बैंक को जल्द यह फैसला लेना होगा कि क्या वह आर्थिक वृद्धि की कीमत पर महंगाई को तरजीह देना जारी रख सकता है। 2024 के अंत में दास का दूसरा कार्यकाल पूरा होने के बाद सरकार ने राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को नया गवर्नर नियुक्त किया है। अब सभी की नजरें आरबआई के मौजूदा गवर्नर पर है कि वो सस्ते लोन का तोहफा दें और ईएमआई को बोझ कम करने में मदद करें।

### जीडीपी गिरने से रेपो रेट में कटौती का दबाव

दास के नेतृत्व में आरबीआई ने लगभग 2 साल तक प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखा। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर सात तिमाहियों के निचले स्तर पर आ गई है। नए गवर्नर के कार्यभार संभालने तथा ब्याज दरों में कटौती के पक्ष में ब्याज दर निर्धारण समिति (एमपीसी) में बढ़ती असहमति के कारण अब सभी की निगाहें फरवरी में आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक पर है।

सभी इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि फरवरी की बैठक में एमपीसी का क्या रुख रहता है। इसी महीने उनकी नियुक्ति के बाद कुछ विश्लेषकों का मानना था कि मल्होत्रा




के आने से फरवरी में ब्याज दरों में कटौती की संभावना मजबूत हुई है, लेकिन कुछ घटनाएं, विशेषकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा 2025 में ब्याज दर में कम कटौती का संकेत दिए जाने, रुपये पर इसके असर के बाद कुछ लोगों ने यह सवाल उठाना शुरू कर दिया है कि क्या यह ब्याज दर में कटौती के लिए उपयुक्त समय है।

### रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत कटौती की वकालत

कुछ पर्यवेक्षक यह भी सवाल उठा रहे हैं कि क्या 0.50 प्रतिशत की हल्की ब्याज दर कटौती – जैसा कि मुद्रास्फीति अनुमानों को देखते हुए व्यापक रूप से अपेक्षित है – आर्थिक गतिविधियों के लिए किसी भी तरह से उपयोगी होगी। एक नौकरशाह के रूप में लंबे करियर के बाद केंद्रीय बैंक में शामिल हुए दास ने कहा था कि उन्होंने उन प्रावधानों के अनुसार काम किया, जो वृद्धि के प्रति सजग रहते हुए मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित करते हैं। छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने अक्टूबर, 2024 में सर्वसम्मति से नीतिगत रुख को बदलकर 'तटस्थ' करने का फैसला किया था। अपनी आखिरी नीति घोषणा में दास ने जुलाई-सितंबर तिमाही में 5.4 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर और अक्टूबर में मुद्रास्फीति के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर जाने का हवाला देते हुए कहा था कि वृद्धि-मुद्रास्फीति की गतिशीलता अस्थिर हो गई है।

### 11 बार से बदलाव नहीं हुआ

दास ने आधिकारिक जीडीपी वृद्धि आंकड़ों के प्रकाशन के बाद अपने अंतिम संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्रीय बैंकिंग में 'आकस्मिक' प्रतिक्रिया की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि लचीले मुद्रास्फीति ढांचे की 'विश्वसनीयता' को आगे भी संरक्षित करना होगा।

आरबीआई ने लगातार 11 बार द्विमासिक नीतिगत समीक्षा के लिए प्रमुख दरों को अपरिवर्तित रखा है। नौकरशाह दास ने 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नोटबंदी के फैसले के बाद पूरे मामले की देखरेख की थी। उन्होंने एक स्थायी विरासत छोड़ी है। उन्होंने छह साल तक मौद्रिक नीति को कुशलतापूर्वक संचालित किया।

## शेयर बाजार ने बाउंस बैक किया, सेंसेक्स 493 अंक उछला, इन स्टॉक्स में अच्छी तेजी

मुंबई (आरएनएस) ।पिछले हफ्ते भारी गिरावट के बाद आज शेयर बाजार ने बाउंस बैंक किया है। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बीएसई 493.08 सेंसेक्स अंक उछलकर 78,534.67 अंक पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह एनएसई निफ्टी भी 145.55 अंकों की तेजी के साथ 22,464.95 अंक पर पहुंच गया है। वहीं, गिरने वाले शेयर में पावर ग्रिड और जोमैटो शामिल हैं। मार्केट के जानकारों का कहना है कि बाजार में अभी उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। इसलिए निवेशकों को काफी सावधानी से निवेश करने की जरूरत है। बाजार की चाल बहुत कुछ विदेशी निवेशकों पर निर्भर करेगा। अगर विदेशी निवेशक बिकवाली जारी रखते हैं तो फिर से गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं, अगर बिकवाली रोकते हैं तो तेजी लौट सकती है।

### इन शेयरों में अच्छी तेजी

सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई।

## सेबी ने 'फ्रंट रनिंग' मामले में इन 9 कंपनियों पर लगाया भारी जुर्माना, 21 करोड़ की अवैध कमाई जब्त की

मुंबई (आरएनएस) ।पूंजी बाजार नियामक सेबी ने मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के इक्विटी डीलर सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों से जुड़ी एक 'फ्रंट-रनिंग' योजना का भंडाफोड़ किया है। इन लोगों ने इस योजना के जरिये 21.16 करोड़ रुपये का अवैध लाभ कमाया था। आपको बता दें कि 'फ्रंट रनिंग' से आशय अग्रिम सूचना के आधार पर शेयर बाजार में लेन-देन करना और लाभ कमाना है। उस समय तक यह सूचना ग्राहकों को उपलब्ध नहीं होती। इन इकाइयों द्वारा फ्रंट-रनिंग तीन साल से अधिक समय तक जारी रही। सेबी ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश के जरिये सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया और उनके द्वारा अर्जित अवैध लाभ को जब्त कर लिया।

### सेबी की जांच में दोषी पाया गया

सेबी ने कुछ इकाइयों द्वारा बड़े ग्राहकों के पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के लेन-देन में संदिग्ध 'फ्रंट रनिंग' की जांच की थी। जांच का मकसद यह पता लगाना था कि क्या संदिग्ध इकाईयों ने डीलरों और/या कोष प्रबंधकों सहित सहित अन्य लोगों के साथ मिलीभगत करके बड़े ग्राहकों के लेन-देन में फ्रंट रनिंग की थी। इस तरह इन लोगों ने सेबी के पीएफयूटीपी (धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध) नियमों और सेबी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया था। जांच की अवधि एक जनवरी, 2021 से 19 जुलाई, 2024 तक थी। अपनी जांच में सेबी ने पाया कि पीएनबी मेटलाइफ में अधिकांश लेन-देन से संबंधित निर्णय निष्पादन के लिए सचिन दगली को सौंपे गए थे। नियामक ने पाया कि सचिन बकुल दगली (इक्विटी डीलर, पीएनबी मेटलाइफ) और उनके भाई तेजस दगली (इक्विटी सेल्स ट्रेडर, इन्वेस्टेक) ने पीएनबी मेटलाइफ और इन्वेस्टेक के संस्थागत ग्राहकों के आगामी ऑर्डर के बारे में गोपनीय, गैर-सार्वजनिक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस जानकारी का उपयोग लेन-देन के लिए किया और इसे संदीप शंभरकर के साथ साझा किया, जिसने धनमाता रियल्टी प्राइवेट लि.(डीआरपीएल), वर्थी डिस्ट्रिब्यूटर्स प्राइवेट लिमिटेड (डब्ल्यूडीपीएल) और प्रग्नेश संघवी के खातों के जरिये फ्रंट रनिंग लेन-देन का क्रियान्वयन किया।

## प्याज का एक महीने में 50 फीसदी गिरा थोक भाव

नई दिल्ली (ए.)। देश में पिछले कुछ समय से प्याज के बढ़ते भाव के संकेत के बाद अब इस विषय पर ब्रेक लग गया है। लासलगांव में सबसे बड़ी थोक प्याज मंडी में प्याज की कीमत एक महीने में 50 फीसदी गिर गई है। पिछले महीने तक जहां प्याज की कीमतें 4000 रुपए प्रति क्विंटल थीं, वहीं रविवार को यह 2000 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। नई खरीफ फसल की आवक से प्याज का मार्केट में भाव गिर रहा है।



व्यापारियों का कहना है कि महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख प्याज उत्पादक क्षेत्रों में नए प्याज की आवक बढ़ने से रेट और भी गिर सकते हैं। प्याज व्यापारियों का कहना है कि खरीफ फसल का प्याज अधिक नमी के कारण लंबे समय तक भंडारित नहीं किया जा सकता, इसलिए किसान भरपूर उत्पादन के बावजूद इसे खुदाई के साथ ही बाजार में ले जा रहे हैं। अच्छी मानसूनी बारिश ने इस साल प्याज समेत अन्य फसलों जैसे टमाटर और आलू के उत्पादन को बढ़ावा दिया है। खरीफ प्याज का क्षेत्रफल इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 27 फीसदी अधिक है।

लासलगांव कृषि उत्पाद बाजार समिति के निदेशक ने बताया कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में प्याज की बढ़ती आवक से मंडी भाव गिर रहे हैं। इसके बावजूद, सरकार ने प्याज के निर्यात पर 20 फीसदी शुल्क लगाया है। निर्यात शुल्क की कटौती की मांग हो रही है और उम्मीद है कि इससे मांग और कीमतें बढ़ सकती हैं। खरीफ फसल की मजबूत आवक से अगले कुछ हफ्तों में खुदरा कीमतों में और नरमी आने की उम्मीद है। यहां भी पुरानी संगतियों के अनुसार प्याज की खुदरा कीमतें 60 रुपए प्रति किलोग्राम से घटकर 40 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई हैं।

## नईव्यवस्था : केवाईसी डाटा का अब नहीं होगा दुरुपयोग, बढ़ेगी सुरक्षा

नई दिल्ली (ए.)। अपने ग्राहक को जानें यानी केवाईसी। यह एक ऐसा कागजात होता है, जिसकी अमूमन दुरुपयोग की खबरें आती रहती हैं। लेकिन नए साल से अब इस तरह की जालसाजी से सुरक्षा मिलेगी। इससे जुड़ा पूरा मामला बताती सरकार लगातार बढ़ रहे केवाईसी डाटा के दुरुपयोग को रोकना चाहती है। इसके लिए सेंट्रल नो योर कस्टमर (सीकेवाईसी) के साथ डाटा सुरक्षा के संबंध में कई उपाय प्रस्तावित किए हैं। इसमें दो प्रमुख उपाय हैं।

### पहला केवाईसी पहचानकर्ता विवरण

इसमें पैन, आधार, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस आदि आते हैं। दूसरा...यूनिक आईपी एड्रेस। इन दोनों के जरिये आपके सारे विवरण को छुपा कर रखा जाएगा। पहले आपके सारे विवरण कोई भी मध्यस्थ देख या खोज लेता था। अब ऐसा संभव नहीं होगा।

### 20 जनवरी से लागू होगी नई व्यवस्था

बैंकों, वित्तीय संस्थानों, अनिवार्य रूप से विनियमित संस्थाओं (आरई) ने सरकार द्वारा इन उपायों को बहुत तेजी से लागू करने पर चिंता व्यक्त की है और समय सीमा बढ़ाने की अपील की है।

## जीएसटी चोरी करने वालों की अब खैर नहीं, सरकार ने शुरु की 'ट्रैक एंड ट्रेस' ट्रैकिंग सिस्टम प्रणाली

मुंबई(आरएनएस)। जीएसटी चोरी करने वाले सावधान हो जाएं। सरकार अब टैक्स चोरी करने वाले को बक्सने के मूड में नहीं है। सरकार ने टैक्स चोरी रोकने के लिए 'ट्रैक एंड ट्रेस' ट्रैकिंग सिस्टम शुरू करने का फैसला किया है। आपको बता दें कि 53वीं जीएसटी परिषद की बैठक में कर चोरी रोकने के लिए 'ट्रैक एंड ट्रेस' प्रणाली को लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके तहत वस्तुओं या पैकेट पर एक विशिष्ट चिह्न लगाया जाएगा। इससे सप्लाई चेन में उनको ट्रैक करना आसान होगा। ट्रैक करने से कारोबारियों के लिए टैक्स चोरी करना संभव नहीं होगा। इस तरह सामानों की ट्रैकिंग की जाएगी वित्त मंत्रालय ने यहां परिषद की 55वीं बैठक में लिए गए निर्णयों की के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह प्रणाली विशिष्ट पहचान चिह्न पर आधारित होगी, जिसे उक्त वस्तुओं या उनके पैकेट पर चिपकाया जाएगा। इससे ऐसी प्रणाली विकसित करने के लिए कानूनी ढांचा उपलब्ध होगा और आपूर्ति श्रृंखला में निर्दिष्ट वस्तुओं का पता लगाने के लिए तंत्र के कार्यान्वयन में मदद मिलेगी। इसमें कहा गया है कि यह स्पष्ट किया जाता है कि अपंजीकृत प्राप्तकर्ताओं को ऑनलाइन मनी गेमिंग, ओआईडीएआर सेवाओं आदि जैसी 'ऑनलाइन सेवाओं' की आपूर्ति के संबंध में, आपूर्तिकर्ता को कर चालान पर अपंजीकृत प्राप्तकर्ता के राज्य का नाम अनिवार्य रूप से दर्ज करना आवश्यक है और प्राप्तकर्ता के राज्य का ऐसा नाम आईजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 12(2)(बी) के प्रयोजन के लिए प्राप्तकर्ता के रिकॉर्ड में दर्ज पता माना जाएगा।

## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## विपक्ष की यह आलोचना जायज है

इतने बड़े स्तर पर गहराते जा रहे शक को कौन दूर करेगा? आयोग ने भी कभी आत्म-निरीक्षण करने की जरूरत महसूस नहीं की है। क्या उसके आचरण भी संदेह का कारण हैं? इन प्रश्नों पर उसे गंभीरता से सोचने की जरूरत है। भारतीय निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन की चुनाव गड़बड़ी संबंधी शिकायतों को सिरे से खारिज कर दिया है। आयोग का यह जवाब अपेक्षित ही था। आयोग के मुताबिक उसे राज्य के 36 जिला अधिकारियों से रिपोर्ट मिल चुकी हैं। इनके मुताबिक सभी 288 सीटों पर ईवीएम वोटों और वीवीपैट में दर्ज मतों का मिलान करने पर उनमें कोई विसंगति नहीं मिली। आयोग की बातें सच हैं या नहीं, यहां असल मुद्दा यह नहीं है। विपक्ष की यह आलोचना जायज है कि ईवीएम में गड़बड़ी या चुनाव प्रक्रिया के दूषित होने का सवाल वह तभी उठाता है, जब उसकी हार हो जाती है। जहां विपक्षी दल जीत जाते हैं, वहां वे नतीजे को बिना किसी एतराज के गले लगा लेते हैं।साथ ही संगठन, चुनाव अभियान, एवं मतदाताओं का भरोसा जीतने में रह गई अपनी कमियों का कभी ठोस आकलन वे नहीं करते। इसके बावजूद मसला यह है कि भारत की चुनाव प्रक्रिया को लेकर संबंधित हितधारकों के एक बड़े हिस्से में संदेह पैदा हो चुका है। इन हितधारकों में विपक्ष भी है, सिविल सोसायटी, और आम जन का एक बड़ा हिस्सा भी। यह किसी रूप में भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है।मुद्दा है कि इतने बड़े तबके के बीच में गहराते जा रहे शक को कौन दूर करेगा? क्या इसकी प्राथमिक जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की नहीं है? मुश्किल यह है कि आयोग ने भी कभी आत्म-निरीक्षण करने की जरूरत महसूस नहीं की। क्या उसके आचरण भी संदेह का कारण हैं? इन प्रश्नों पर उसे गंभीरता से सोचने की जरूरत है। सत्ता पक्ष के लिए यह अहम सवाल है कि निर्वाचन आयोग के गठन की प्रक्रिया अगर सुप्रीम कोर्ट ने तय कर दी थी, तो उसने संसदीय विधेयक के जरिए उसे क्यों बदला? ऐसे पहलू समाज के किसी हिस्से में अविश्वास का कारण बने हों, तो क्या उसे अतार्किक कहा जाएगा? इन प्रश्नों पर सिर्फ एकतरफा बयान देने से बात नहीं बनेगी। जरूरत इस बात की है कि निर्वाचन आयोग इस पूरे प्रकरण पर सभी हितधारकों के साथ विस्तृत संवाद की शुरुआत करे। तभी पूरे देश में विश्वास का माहौल बनेगा।

# बहुउद्देशीय पैक्स- ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बदलाव का कारक

**डॉ हेमा यादव**

भारत में लगभग 2,70,000 ग्राम पंचायतें हैं, फिर भी इनमें से कई स्थानीय निकाय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों से वंचित हैं। ऋण, आवश्यक सांमग्री, बाजार और रोजगार प्रदान करने में इन प्राथमिक-स्तर की सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, मोदी सरकार ने अब तक सरकारी संस्थाओं से वंचित ग्राम पंचायतों में नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, यानि, बहुउद्देशीय पैस्क , और डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना लेकर आयी है । प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के दृष्टिकोण के अनुसार, बहुउद्देशीय पैक्स ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की आधारशिला बन जाएगी, जिसका लक्ष्य प्रत्येक गांव में कम से कम एक ऋण, डेयरी, या मत्स्य सहकारी समिति होना है। यह पहल डेयरी, मत्स्य पालन, अन्य क्षेत्रों में ऋण पहुंच और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ाने पर केंद्रित है ।

देश के हर गांव और पंचायत को कवर करने के लिए 2 लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में जारी है और यह पहल ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस योजना को दो आयामी कार्ययोजना के साथ लागू किया जा रहा है;

1. अगले पांच वर्षों में सभी पंचायतों और गांवों को कवर करने वाली नई बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना
2. मौजूदा सहकारी समितियों का सुदृढ़ीकरण

अगले पांच वर्षों में 70,000 बहुउद्देशीय पैक्स, 56,000 नई बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियां और 6,000 नई बहुउद्देशीय मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करने तथा मौजूदा समितियों को मजबूत करने का लक्ष्य है।

**मार्गदर्शिका का क्रियान्वयन**


इस योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा एक मार्गदर्शनिका का शुभारंभ किया गया है । इस पुस्तिका में मानक प्रक्रियाओं, लक्ष्यों, समयसीमाओं, विशिष्ट भूमिकाओं और जिम्मेदारियों और एक निगरानी तंत्र की रूपरेखाएं दी गई हैं। बहुद्देशीय पैक्स के लिए दिशानिर्देशों ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों दोनों को योजना को संरचित तरीके से निष्पादित करने में सक्षम बनाया है । बहुद्देशीय पैक्स के गठन में नाबार्ड, एनडीडीबी और एनएफडीबी जैसे भागीदार सक्रिय रूप से शामिल हैं। इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना कोष, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की योजनाओं का अभिसरण है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर संतुलित विकास की सुविधा प्रदान कर रहा है। राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय समितियों के साथ-साथ अंतर-मंत्रालय समिति के माध्यम से प्रभावी समन्वय स्थापित किया गया है। सहकारिता मंत्रालय के द्वारा नियमित निगरानी और समर्थन इसके प्रभावी कार्यान्वयन को मजबूती प्रदान करता है।

### राज्यों की उपलब्धियां

राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के अनुसार देश में 10,458 नए बहुउद्देशीय पैक्स पंजीकृत किए गए हैं। बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियों, बहुउद्देशीय मत्स्य सहकारी समिति और बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के गठन से ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार होगा और लोगों के लिए अपार अवसर खुलेंगे । इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में छोटे और सीमांत किसानों, वंचित और कमजोर लोगों की भागीदारी में सुधार होगा। आकांक्षी और वंचित जिलों और पंचायतों में बहुउद्देशीय पैक्स के माध्यम से सदस्य-केंद्रित और समावेशी विकास मॉडल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा।उत्तराखंड ने 2018 से प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के विविधीकरण और आधुनिकीकरण में अग्रणी भूमिका निभाई है । 2023 में मॉडल उपनियमों की शुरूआत ने सहकारी समितियों को बहुउद्देश्यीय कृषि सहकारी समितियों में विकसित होने के लिए प्रेरित किया । इन समितियों ने कम्प्यूटरीकरण को अपनाया है, जिससे वे कॉमन सर्विस सेंटर, जन औषधि केंद्र, एलपीजी वितरण केंद्र और पेट्रोल खुदरा दुकानों को संचालित करने में सक्षम हो गए हैं। ओडिशा में, 1,529 बहुउद्देशीय पैक्स हैं जो आकांक्षी जिलों के साथ पूरी तरह से एकीकृत हैं, जो प्रभावी कार्यान्वयन और सार्थक क्षेत्रीय परिणाम सुनिश्चित करते हैं। महत्वपूर्ण भौगोलिक और क्षेत्रीय असमानताओं की विशेषता वाले राजस्थान ने डेयरी सहकारी समितियों पर विशेष जोर देते हुए 738 बहुउद्देशीय पैक्स स्थापित किए हैं। इसी तरह, गुजरात और महाराष्ट्र बहुउद्देशीय पैक्स की स्थापना करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार प्रगति कर रहे हैं।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा

भारत के ग्रामीण क्षेत्र में कृषि, डेयरी, मत्स्य पालन, पशुधन और मुर्गीपालन जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियाँ हैं जो आजीविका का स्रोत हैं, हालाँकि ऋण और बाज़ार तक पहुँच में ग्रामीण क्षेत्रों को अक्सर बाधाओं का सामना करना पड़ता है। मॉडल उपनियमों के संबल से बहुउद्देशीय पैक्स राष्ट्रीय आर्थिक विकास में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की भागीदारी को बढ़ाएगा। आवश्यक बुनियादी ढाँचे के साथ बहुउद्देशीय पैक्स की स्थापना, ऑनलाइन और भौतिक दोनों बाज़ारों तक बेहतर पहुँच, प्रौद्योगिकी का एकीकरण और कृषि मशीनीकरण को अपनाने से सप्लाई चेन में काफ़ी मजबूती आएगी, जिससे अंततः किसानों और उत्पादकों को फ़ायदा होगा । कृषि, डेयरी और मत्स्य पालन क्षेत्रों में खेत से लेकर खाने तक के बीच प्रभावी चेन या लिंकेज बनाने के लिए, एकत्रीकरण, कृषि-लॉजिस्टिक्स और उत्पादकों को बाजार की जानकारी प्रदान करना महत्वपूर्ण है, जिससे वे बेहतर रूप से बाजार की मांग को पूरा कर सकें । यह दृष्टिकोण लाखों उत्पादकों को अवसरों का लाभ उठाने और उन्हें उनके बाज़ारों का विस्तार करने, उनके उत्पादों को उचित मूल्य और स्थायी आय और आजीविका प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।




पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर नई दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में दिल्ली सरकार के खिलाफ दिल्ली भाजपा के आरोप पत्र ( आरोप पत्र ) जारी करने के दौरान बोलते हुए।

# ईवीएम मुद्दे पर कांग्रेस को पंक्चर करने का प्रयास

**अजीत द्विवेदी**

संसद का शीतकालीन सत्र कई मायने में बहुत दिलचस्प राजनीतिक घटनाक्रम वाला रहा है। इस सत्र में जो विधायी कामकाज हुए या दोनों सदनों में संविधान पर जो चर्चा हुई वह अपनी जगह है लेकिन जो राजनीति हुई वह ज्यादा दिलचस्प रही। यह पहली बार हुआ कि पूरे सत्र में कांग्रेस सत्ता पक्ष के साथ साथ विपक्ष की पार्टियों के निशाने पर भी रही। कांग्रेस को अलग थलग करने का प्रयास भाजपा की ओर से हो रहा था तो साथ साथ विपक्षी गठबंधन की पार्टियों की ओर से भी हो रहा था।


यह प्रयास इतना व्यवस्थित था कि शुरू में तो कांग्रेस भी नहीं भांप सकी कि जो हो रहा है वह एक डिजाइन के तहत हो रहा है।

लेकिन फिर कांग्रेस को समझ में आया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। एक महीने के सत्र में वह अपना एक भी एजेंडा सदन में ठीक से नहीं उठा सकी। सरकार से ज्यादा विपक्ष की पार्टियों ने कांग्रेस के एजेंडे को पंक्चर किया।कांग्रेस का इस सत्र में सबसे बड़ा एजेंडा अडानी का था। सत्र से ठीक पहले अमेरिकी अदालत में गौतम अडानी और सागर अडानी सहित आठ लोगों के खिलाफ फ्रॉड और घूसखोरी के आरोप लगे थे और वारंट जारी होने की खबर आई थी। इस लिहाज से यह विपक्ष के लिए बड़ा मौका था कि वह केंद्र सरकार को क्रोनी कैपिटलिज्म पर घेरे। कांग्रेस ने यही किया। उसने संसद ठप्प किया और संसद परिसर में प्रदर्शन भी किया।

लेकिन दो दिन के बाद ही ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने अपने को कांग्रेस के प्रदर्शन से अलग कर लिया। इतना ही नहीं तृणमूल कांग्रेस ने यह भी कह दिया कि वह अडानी के मसले पर संसद ठप्प करने के समर्थन में नहीं है। वह चाहती है कि दूसरे मुद्दों पर संसद में चर्चा हो।

हालांकि ऐसा नहीं है कि अडानी के अलावा दूसरे मुद्दे नहीं उठाए जा रहे थे। लेकिन तृणमूल कांग्रेस ने अपने राज्य के स्थानीय मुद्दे और मणिपुर का मुद्दा उठाने के नाम पर अपने को कांग्रेस से दूर किया। तृणमूल के यह स्टैंड लेने के करीब एक हफ्ते बाद समाजवादी पार्टी ने भी यही स्टैंड ले लिया। सपा ने भी कह दिया कि वह अडानी के मसले पर कांग्रेस के साथ नहीं है। उसके लिए संभल की शाही मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा का मुद्दा ज्यादा बड़ा था।जिस समय तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने अडानी मसले पर कांग्रेस को अलग थलग करने का अपना दांव चला उसी समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपनी जिद में कहा कि कांग्रेस अडानी का मुद्दा नहीं छोडने् जा रही है।उनको पता था कि यह मुद्दा सरकार को और भाजपा को सबसे ज्यादा तकलीफ दे रहा है। तभी उन्होंने साफ कर दिया कि संसद के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस यह मुद्दा उठाती रहेगी।उस समय तक संभवतः उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि इस मुद्दे की हवा निकालने के लिए तृणमूल कांग्रेस किस हद तक जाएगी।तृणमूल कांग्रेस का अगला कदम था, सीधे कांग्रेस के नेतृत्व को चुनौती देना और विपक्षी गठबंधन में उसकी ऑथोरिटी को कमजोर करना। इसके लिए सीधे ममता बनर्जी मैदान में उतरीं।पहले कल्याण बनर्जी या काकोली घोष दस्तीदार या दूसरे नेताओं के जरिए बयानबाजी हो रही थी लेकिन कांग्रेस नेतृत्व को चुनौती देने की बात आई तो खुद ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने इंडिया' ब्लॉक का गठन किया था मौका मिले तो वे इसका नेतृत्व करना चाहेंगी।इसके बाद तो पंडोरा बॉक्स खुल गया। ऐसा लगा, जैसे पार्टियां कांग्रेस से भरी बैठी हैं। एक के बाद एक नेताओं ने कांग्रेस से नेतृत्व छीन कर ममता बनर्जी को देने की मांग शुरू कर दी।

संजय राउत से लेकर शरद पवार और रामगोपाल यादव से लेकर लालू यादव तक सब ममता की जयकार करने लगे। रामगोपाल यादव ने कहा कि राहुल विपक्षी गठबंधन के नेता नहीं हैं तो लालू यादव ने कहा कि कांग्रेस के विरोध की परवाह किए बगैर ममता को नेता बनाना चाहिए। इसके बाद मीडिया में कथित राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा बताया जाने लगा कि ममता बनर्जी को विपक्ष का नेता बनाने के क्या क्या फायदे इंडिया' ब्लॉक को मिल सकते हैँ। जब राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर इससे भी फर्क नहीं पड़ा और वे अडानी का मुद्दा उठाते रहे तब ईवीएम के मुद्दे पर कांग्रेस को पंक्चर करने का प्रयास शुरू हुआ।नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस ईवीएम का रोना बंद करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब चुनाव जीत जाती है तो जश्न मनाती है और हारने पर ईवीएम को दोष देती है।इसके तुरंत बाद ईडी और सीबीआई की जांच में फंसे ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कांग्रेस के ईवीएम विरोध को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस सबूत पेश करे कि कैसे ईवीएम हैक किया जाता है।अडानी के बाद ईवीएम दूसरा मुद्दा था, जिस पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के विरोध का पूरा नैरेटिव बनाया था। लेकिन भाजपा के साथ साथ विपक्ष की पार्टियों ने ही इन दोनों मुद्दों को पंक्चर करने का प्रयास किया।सवाल है कि विपक्षी पार्टियों ने कांग्रेस को अलग थलग करने का यह जो प्रयास संसद सत्र में किया उससे कांग्रेस कमजोर हुई, बैकफुट पर गई, अलग थलग हुई या विपक्ष की चुनिंदा पार्टियों की पोल खुली? क्या इससे ममता बनर्जी और अखिलेश यादव ज्यादा एक्सपोज नहीं हुए हैं? क्या इन दोनों को अंदाजा है कि इनको लेकर क्या नैरेटिव बन रहा है?




मेष राशि : आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। घर में खुशी का माहौल बनेगा, आप परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाएंगे। आज अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास बनाकर रखेंगे। ऑफिस और व्यवसाय में टीम वर्क बनाकर काम करने से व्यवस्था उत्तम बनी रहेगी। आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिस्थितियां बना रहा है।

वृष राशि : आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज कार्य क्षेत्र में किसी भी नई योजना पर काम करने के लिए थोड़ा समय देंगे। आज मनोवांछित फल पाने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर घर की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सक्षम रहेंगे। इससे पारिवारिक वातावरण मधुर और सुखद बना रहेगा।

मिथुन राशि: आज आपका दिन ठीक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में रुका हुआ काम बहुत ही अच्छी तरह और आसानी से पूरा हो जाएगा। आज आपका समय किसी राजनीतिक गतिविधियों में बीतेगा और प्रभावशाली लोगों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। इस राशि के स्टूडेंट को अपनी मेहनत के उचित परिणाम हासिल होने के योग बन रहे हैं।

कर्क राशि : आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आय के साधन बढ़ेंगे परंतु साथ ही खर्चो में भी बढ़ोतरी होगी। कार्यस्थल पर आपके द्वारा लिए गए निर्णय सकारात्मक रहेंगे। आज घर के किसी महत्वपूर्ण मामले पर परिवारजनों के साथ योजना बनेंगी। ऑफिस के सभी लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे, बॉस आपकी परफॉरमेंस देखकर आपकी तारीफ करेंगे।

सिंह राशि : आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज कार्य स्थल पर अपने सहयोगियों और कर्मचारियों के साथ अच्छा व्यवहार रखें। फालतू गतिविधियों में समय ना खराब करें। ऑफिस के किसी काम में छोटी सी लापरवाही की वजह से आपको वो काम दोबारा करना पड़ सकता है। आज आपके स्वभाव में गंभीरता रहेगी, परिवार के प्रति अपने दायित्व को समझेंगे। परिवार में चल रही किसी पुरानी समस्याओं का समाधान मिल सकता है।

कन्या राशि : आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आलस्य छोड़कर पूरी ऊर्जा व आत्मविश्वास से अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे। समय आपके लिए नई उपलब्धियां बना रहा है। आपकी आय के स्त्रोत भी बढ़ेंगे। आज बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए उनके साथ कुछ समय बितायेंगे। आज काम की अधिकता की वजह से कभी-कभी गुस्सा और चिड़चिड़ापन हो सकता है।

तुला राशि : आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आर्थिक पक्ष को मजबूत बनाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं बनेंगी। आज दिन भर घर की व्यवस्था और सुधार संबंधी कामों में व्यस्तता रहेगी। बच्चों के साथ आज आप कहीं घूमने जाएंगे, उनमें खुशी और आत्म बल बढ़ेगा। ऑफिस में अपने उचित कार्य प्रणाली से दूसरों के समक्ष सराहना का पात्र बनेंगे। आज आपको बड़ी सफलता मिलेगी साथ ही कार्यक्षेत्र में भी आपका प्रदर्शन उम्मीद से अच्छा रहेगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज अपने लिए कुछ ख़ास करने वाले है। आज ज्यादातर शुरू किये हुए कार्यों को पूरा कर लेंगे। आज आप अपने रहन-सहन में बदलाव करने की सोचेंगे जिसमें आपको फायदा होगा। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हैं आज समाज में उनकी काफी प्रशंसा होगी। पारिवारिक रिश्ते बेहतर होंगे घर का माहौल खुशनुमा रहेगा।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज आपको किसी मानसिक उलझन से छुटकारा मिलेगा। इच्छित कार्य समय पर पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज जीवन में सब कुछ होते हुए भी कुछ खालीपन सा महसूस होगा। अपने ऊपर नकारात्मकता न हावी होने दें और स्वयं को व्यस्त रखें। किसी धार्मिक स्थल पर जाकर कुछ समय व्यतीत करना आप को सुकून देगा।

मकर राशि : आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज परिवार में किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में खुशनुमा वातावरण रहेगा। डिनर और मनोरंजन से संबंधित कोई प्रोग्राम भी बन सकता है। आज थोड़ी-सी कोशिश से आप ऊंचे पद पर पहुंच सकते हैं। इस राशि के जो लोग सूचना प्रसारण क्षेत्र से जुड़े हुए हैं आज उन्हें किसी बड़ी संस्था में काम करने का अवसर मिल सकता है। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

कुंभ राशि : आज का दिन ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपकी किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है जो कि आपके लिए लाभदायक साबित होगी। आज संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आज आलस को अपने ऊपर हावी नहीं होने दे, साथ ही अपने काम पर अधिक ध्यान दें। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा।

मीन राशि : आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार की समस्या हल करने में आपकी विशेष भूमिका रहेगी। इससे आपकी छवि और व्यक्तित्व में और निखार आएगा। घर की जरूरत संबंधी आवश्यकताओं को लेकर मार्केटिंग में भी समय बीत सकता है।

# 43 वर्षों बाद भारत की सफ़ल कुवैत यात्रा 21-22 दिसंबर 2024-भारत कुवैत रिश्ता सभ्यताओं, सागर व व्यापार व्यवहार क़े अतीत से जुड़ा है

### कुवैत में लाखों भारतियों के बीच मिनी हिंदुस्तान का जलवा- मैत्रीपूर्ण संबंध की जड़ें ऐतिहासिक हैं

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारत जिस तेज़ी के साथ विश्व पर नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है, परंतु अगर नेतृत्व का विस्तार यूएन से लेकर पूरी दुनियाँ तक विस्तारित है तो भारत शीघ्र विश्व गुरु बन जाए तो इसमें किसी को अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि विज़न 2047 के कारण भारत अपनी हर नीति को रणनीतिक तरीके से दूरगामी परिणामों को प्राप्त करने के लिए क्रियान्वयन कर रहा है जो रेखांकित करने वाली बात है। ज़हां एक ओर पीएम नें पूर्वोत्तर क्षेत्रों का अपने कार्यकाल में 65 से अधिक बार दौरा किया है वहीं दूसरी और पापुआ न्यू गिनी से लेकर कुवैत यात्रा तक ऐसे अनेक देश है जहां चार पांच दशकों से कोई भारतीय पीएम नहीं गया है वहां की यात्रा कर भारत क़े सामरिक रिश्तों और वहां रह रहे भारतीयों में भारत के प्रति अलख् जगा रहे हैं जिसके दूरगामी परिणाम हमें आगे देखने को जरूर मिलेंगे जिसका सटीक उदाहरण माननीय पीएम की 21-22 दिसंबर 2024 कुवैत यात्रा रही जिसमें 10 लाख से अधिक भारतीयों ने पीएम की सभा में मिनी हिंदुस्तान का एक अहसास पैदा करा दिया जो रेखांकित करने वाली बात है। चूँकि मिशन कुवैत 43 वर्षों के बाद भारतीय पीएम का दौरा गेम चेंजर साबित होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, 43 वर्षों के बाद भारत की कुवैत यात्रा 21-22 दिसंबर 2024 सफल रही,भारत कुवैत का रिश्ता सभ्यताओं, सागर व व्यापार व्यापार व्यवहार क़े अतीत से जुड़ा हुआ है।

साथियों बात अगर हम पीएम के कुवैत दौरे को अति महत्वपूर्ण होने की करें तो, कुवैत वर्तमान में खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) की अध्यक्षता कर रहा है - जिसमें संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सऊदी अरब, ओमान और कतर भी शामिल हैं, यह एकमात्र जीसीसी सदस्य देश है, जहां पीएम ने 2014 में पदभार संभालने के बाद से अब तक दौरा नहीं किया है। कोविड महामारी के कारण 2022 में प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी गई थी। खाड़ी देश




भारत के लिए प्रमुख व्यापार और निवेश साझेदार हैं,और नई दिल्ली की इन देशों के साथ मजबूत ऊर्जा साझेदारी भी है। कुवैत भारत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से एक है। कुवैत, भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चातेल आपूर्तिकर्ता है, जो देश की ऊर्जाआवश्यकताओं को तीन प्रतिशत तक पूरा करता है,जिसका द्विपक्षीय व्यापार वित्तीय वर्ष 2023- 24 में 10.47 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।भारतीय समुदाय कुवैत में सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है,इस यात्रा से भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच संबंधों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।भारत मुक्त व्यापार समझौते के लिए जीसीसी के साथ बातचीत कर रहा है,इस यात्रा से भारत-कुवैत संबंधों को और अधिक मजबूती मिलेगी।यात्रा के दौरान, पीएम एक सामुदायिक कार्यक्रम में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत भी की और एक श्रमिक शिविर का भी दौरा किया, वह कुवैत के अमीर के विशेष अतिथि के रूप में 26 वें अरेबियन गल्फ कप के उद्घाटन समारोह में भी शामिल।

साथियों बात अगर हम 43 वर्षों के बाद भारत के पीएम क़े कुवैत दौरे की करें तो, 43 साल बाद भारत के किसी प्रधानमंत्री ने कुवैत की धरती पर कदम रखा है, उनसे पहले साल 1981 में इंदिरा गांधी कुवैत गई थीं। पीएम का कुवैत में ग्रांड वेलकम किया गया, इस दौरान उन्होंने दो खास शख्स से मुलाकता की जिनका जिक्र पीएम ने अक्टूबर में अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में की थी, इनक नाम अब्दुल्ला अल-बैरन और अब्दुल लतीफ अल-नसेफ है, इन्होंने महाभारत और रामायण का अरबी भाषा में अनुवाद किया है। पीएम ने मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि वह इनसे मिलकर काफी खुश हैँ। पीएम ने शनिवार को यहां कुवैत के दो नागरिकों से मुलाकात की और भारत के महत्वपूर्ण ग्रंथों रामायण और महाभारत का अरबी भाषा में अनुवाद और प्रकाशन करने के उनके प्रयासों की सराहना की। पीएम ने दोनों ग्रंथों के अरबी संस्करणों की प्रतियों पर अपना ऑटोग्राफ भी दिया। पीएम कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर कुवैत यात्रा की है,यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 43 वर्षों में इस खाड़ी देश की पहली यात्रा है।पीएम ने कहा,भारत दुनियाँ के उन पहले देशों में से एक है, जिसने कुवैत की स्वतंत्रता के बाद उसे मान्यता दी थी। इसलिए जिस देश से, जिस समाज से इतनी सारी यादें जुड़ी हैं, वहां आना मेरे लिए बहुत यादगार है। मैं कुवैत के लोगों और यहां की सरकार का बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि भारत और कुवैत का रिश्ता सभ्यताओं का है, सागर का है और व्यापार-कारोबार का है। भारत और कुवैत, अरब सागर के दो किनारों पर बसे हैं। हमें सिर्फ डिप्लोमेसी ने ही नहीं, बल्कि दिलों ने आपस में जोड़ा है। हमारा वर्तमान ही नहीं, बल्कि हमारा अतीत भी हमें जोड़ता है। पीएम ने कहा, जब भारत को सबसे ज्यादा जरूरत पड़ी, तो कुवैत ने हिंदुस्तान को लिक्विड ऑक्सीजन की सप्लाई दी। हिज हाईनेस द क्राउन प्रिंस ने खुद आगे आकर सबको तेजी से काम करने के लिए प्रेरित किया। मुझे संतोष है कि भारत ने भी कुवैत को वैक्सीन और मेडिकल टीम भेजकर इस संकट से लड़ने का साहस दिया। उन्होंने कहा कि भारत के स्टार्टअप, फिनटेक से हेल्थकेयर तक, स्मार्ट सिटीज से ग्रीन टेक्नोलॉजी तक कुवैत की हर जरूरत के लिए कटिंग एग्ज सॉल्यूशन बना सकते हैं। भारत का स्किल्ड यूथ, कुवैत की फ्यूचर जर्नी को भी नई स्ट्रेंथ दे सकता है। भारत में आज दुनिया की स्किल कैपिटल बनने का भी सामर्थ्य है।इसलिए भारत, दुनिया की स्किल डिमांड को पूरा करने का सामर्थ्य रखता है।पीएम ने कहा, आज का भारत एक नए मिजाज के साथ आगे बढ़ रहा है।



# शीतलहर के बीच दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'गंभीर' स्तर पर पहुंची

नई दिल्ल (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सोमवार सुबह 7.30 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 403 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी में आता है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, शहर में कोहरे की एक पतली परत छाई रही, जिससे दृश्यता कम हो गई। सुबह 5:30 बजे न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके साथ-साथ दिन में हल्की बारिश के साथ बादल छाए रहने की संभावना है, जिससे प्रदूषण से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया, जिसमें वजीरपुर (464), अशोक विहार (460), मुंडका (446), बुराड़ी क्रॉसिंग (445) और आनंद विहार (443) शामिल हैं। उल्लेखनीय



रूप से, द्वारका-सेक्टर 8 (393) और नजफगढ़ (372) में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' सीमा से थोड़ा नीचे रही।

दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 300 से 400 के बीच दर्ज किया गया। डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 399, द्वारका सेक्टर-8 में 389, आईजीआई एयरपोर्ट में 351, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 400, लोधी रोड में 376, मंदिर मार्ग में 400, शादीपुर में 373, श्री अरबिंदो मार्ग में 361, नजफगढ़ में 372 दर्ज किया गया।रविवार को पीएम 2.5 (पार्टिकुलेट मैटर), एक प्रमुख प्रदूषक, खतरनाक रूप से उच्च रहा, जिसमें 39 में से 37 निगरानी स्टेशनों ने 'गंभीर प्लस' वायु गुणवत्ता दर्ज की।

प्रदूषण की स्थिति बिगड़ने के बाद 16 दिसंबर से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चौथे चरण को लागू किया गया है। इन कदम का उद्देश्य प्रदूषण पर लगाम लगाना है, लेकिन इनका तत्काल प्रभाव सीमित है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में उत्तर प्रदेश और हरियाणा को दिल्ली की तरह पटाखों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया और ग्रैप-4 और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के सख्त क्रियान्वयन पर जोर दिया। शीर्ष अदालत ने एनसीआर राज्यों को ग्रैप-4 उपायों के अनुपालन की निगरानी के लिए दिल्ली के प्रवेश बिंदुओं पर टीमें तैनात करने का भी आदेश दिया। निवासी प्रदूषण से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं की रिपोर्ट कर रहे हैं, जिसमें श्वसन संबंधी समस्याएं और आंखों में जलन शामिल हैं।




महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पुणे में आईसीएआर - कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान के सम्मेलन कक्ष के उद्घाटन के दौरान.

## बेटी की ससुराल में पड़े रहना भी क्रूरताः कोर्ट ने पति को दे दी तलाक की इजाजत



कोलकाता(ए)। बेटी की ससुराल में ज्यादा दिन तक पड़े रहना घातक हो सकता है। घरवालों और दोस्तों का लंबे समय तक टिक जाना भी क्रूरता है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इसी आधार पर 19 दिसंबर को एक व्यक्ति को तलाक की मंजूरी दे दी। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहाकि पति की मर्जी के खिलाफ पत्नी के दोस्तों या रिश्तेदारों का लंबे समय तक उसके घर में रहना क्रूरता है। कई बार ऐसे हालात में जबकि पत्नी खुद भी घर में नहीं है, रिश्तेदारों की वहां मौजूदगी से अपीलकर्ता की जिंदगी पर गहरा असर पड़ा होगा। महिला के पति ने साल 2008 में शादी के तीन साल बाद ही तलाक की अर्जी फाइल की थी।

इन दोनों की शादी पश्चिम बंगाल के नाबाद्वीप में हुई थी। बाद में साल 2006 में यह दोनों कोलाघाट चले आए, जहां पति काम करता था। साल 2008 में पत्नी कोलकाता के नारकेलडांगा चली गई। उसका कहना था कि यहां पर रहना उसके लिए ज्यादा सुविधाजनक था, क्योंकि यह सियालदह से नजदीक पड़ता है, जहां वह काम करती है। हालांकि पूछताछ के दौरान उसने दावा किया कि वह अपने पति से दूर इसलिए हुई क्योंकि वह असहाय हो गई थी।

साल 2008 में कोलाघाट स्थित पति के घर से पत्नी के चले जाने के बाद भी उसका परिवार और एक दोस्त वहीं ठहरे रहे। साल 2016 में पत्नी उत्तरपारा चली गई। पति का कहना है कि पत्नी का उससे दूर रहता क्रूरता है। इसके अलावा उसने यह भी कहाकि पत्नी किसी तरह का संबंध रखने या फिर बच्चे पैदा करने की इच्छुक नहीं है।

## संभल के मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भंडारे का आयोजन

संभल(आरएनएस)। यूपी के संभल के दीपा सराय में 46 साल बाद खोले गए शिव मंदिर में शनिवार को भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और बजरंगबली की आरती उतारी गई। वहीं मंदिर के पास कुएं का भी पूजन किया गया। पूजा-आरती के बाद यहां पर भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

दरअसल बीते दिनों प्रशासन की टीम इलाके में बिजली चोरी पकड़ने गई थी और इसी दौरान ये मंदिर मिला था। मंदिर अब अपने पुराने स्वरूप में दिखाई देने लगा है और यहां पूजा पाठ शुरू किया गया है। मंदिर में पूजा-अर्चना किए जाने का वीडियो भी सामने आया है। इससे पहले शुक्रवार को भी भक्तों को इस मंदिर में पूजा करते हुए देखा गया था।

प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में बीते दिनों जब मंदिर के दरवाजे खोले गए तो देखा कि यहां धूल जम चुकी है। ऐसे में पुलिसकर्मियों ने खुद ही शिवलिंग और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां साफ की। मंदिर खोले जाने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मंदिर के अंदर भगवान शिव, नंदी, हनुमान और कार्तिकेय की पुरानी मूर्तियां मिली हैं। इसके अलावा यहां पर एक कुआं भी मिला है।

# पीएम मोदी ने 71,000 युवाओं को बांटा नियुक्ति पत्र, बोले- भारत का युवा, नए आत्मविश्वास से भरा हुआ

नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार मेला के तहत सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित 71,000 से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, आज आपके जीवन की नई शुरुआत हो रही है। आपकी वर्षों की मेहनत सफल हुई है। 2024 का ये साल आपको और आपके परिजनों को नई खुशियां देकर जा रहा है। मैं आप सभी को बधाई देता हूं। पिछले दस सालों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है। आज भी 71,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। बीते डेढ़ साल में करीब दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। ये अपने आप में रिकॉर्ड है। आज भारत का युवा, नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। वो हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है।



भारत के युवाओं की क्षमता और प्रतिभा का पूरा उपयोग हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने आगे कहा कि अंतरिक्ष से लेकर रक्षा तक, पर्यटन से लेकर वेलनेस तक, आज भारत हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राष्ट्र में सच्चा विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें युवा प्रतिभा को निखारने की जरूरत है और यह जिम्मेदारी वास्तव में शिक्षा प्रणाली पर है। पहले पाबंदियों के कारण जो शिक्षा व्यवस्था छात्रों पर बोझ बन जाती थी, वो अब उन्हें नए विकल्प दे रही है। अटल टिंकरिंग लैब्स और आधुनिक पीएम श्री स्कूलों के जरिए बचपन से ही इनोवेटिव माइंडसेट को गढ़ा जा रहा है। आज यहां हजारों बेटियों को भी नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। आपकी सफलता दूसरी महिलाओं को प्रेरित करेगी। हमारा प्रयास है कि हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मनिर्भर बनें।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि भाषा एक समय हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए शिक्षा में एक महत्वपूर्ण बाधा थी। हालांकि हमने इस अंतर को पाटने के लिए अपनी नीतियों में क्रांति ला दी है। आज छात्र 13 भाषाओं में से किसी एक में परीक्षा देना चुन सकते हैं। भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। हमें इस संकल्प पर भरोसा है इस लक्ष्य की प्राप्ति का विश्वास है। आज भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है और वो हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है। आज हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं।

## दौसा में सड़क हादसा : बोलेरो कार पलटी, 2 की मौत, 2 गंभीर घायल

दौसा (आरएनएस)। नेशनल हाईवे नंबर 21 जयपुर आगरा रोड पर सिकंदरा के समीप रविवार देर रात एक बोलेरो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बोलेरो कार सवार 2 लोगों की मौत हो गई और 2 गंभीर घायल हो गए।सिकंदरा-गिरधरपुरा पत्थर मंडी के पास यह दर्दनाक हादसा हुआ। सूचना मिलने पर सिकंदरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार में फंसे लोगों को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला। घायलों को गंभीर हालत में एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि गिरधपुरा पत्थर मंडी के पास देर रात एक्सीडेंट की सूचना पर पहुंचे तो करौली नंबर की एक कार क्षतिग्रस्त हालत में मिली। जिसमें सवार दो लोग बुरी तरह फंसे हुए थे, जिन्हें मुश्किल से बाहर निकालकर कार सवार चार लोगों को अस्पताल पहुंचाया।




उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अजय राय, पार्टी नेता सलमान खुर्शीद और प्रमोद तिवारी के साथ लखनऊ में पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान।

## यूपी में 15 आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर, अजय पाल और वृंदा शुक्ला समेत बड़े अधिकारियों का नाम

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में रविवार को 15 आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। आदेश के मुताबिक, जौनपुर, कासंगज, बलिया, सिद्धार्थनगर, अंबेडकरनगर, अमेठी, देवरिया, बहराइच हाथरस और बाराबंकी के एसपी का तबादला किया गया है। इसके अलावा लखनऊ और कानपुर कमिश्नरेट के पुलिस उपायुक्त का भी ट्रांसफर किया गया है। ट्रांसफर आदेश में कहा गया है कि भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को स्थानांतरित किया जाता है। जौनपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल को प्रभारी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रयागराज कमिश्नरेट के पद पर तैनात किया जाता है। इसके अलावा अंबेडकरनगर के एसपी डॉ. कौस्तुभ को जौनपुर का पुलिस अधीक्षक और लखनऊ कमिश्नरेट के पुलिस उपायुक्त केशव कुमार को अंबेडकरनगर का एसपी बनाया गया है।

# महाकुंभ में पहुंचे साइकिल वाले बाबा, भारत और सनातम धर्म की जय-जयकार का लिया संकल्प

प्रयागराज (आरएनएस)। आस्था की संगम नगरी प्रयागराज में लगने वाले 2025 महाकुंभ की शुरुआत होने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। देश-दुनिया से श्रद्धालुओं और साधु-संतों के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। उन्हीं में से एक संत आपको कुंभ क्षेत्र में साइकिल चलाते हुए जाएंगे।

आस्था नगरी प्रयागराज के महाकुंभ में तमाम साधु-संत श्रद्धालु और महात्मा हजारों किलोमीटर का सफर तय कर धर्म की नगरी में आस्था डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन एक ऐसे भी बाबा हैं जो साइकिल की सवारी करते हुए संगम की रेती पर धूनी रमाने के लिए आए हुए हैं। उन्होंने अपनी साइकिल को आश्रम का रूप दे दिया है। साइकिल को हाईटेक नहीं बल्कि जुगाड़ टेक्नोलॉजी से इस तरह तैयार किया है कि वह हाईवे पर भी फर्राटा भर सके। महाकुंभ में लोग इन्हें साइकिल वाले बाबा के नाम से पुकारते हैं।

खुद को भगवान भोलेनाथ का परम भक्त बताने वाले बाबा का नाम पंडित संपत दास रामानुज ब्रह्मचारी हैं जो बिहार के औरंगाबाद जिले के रहने वाले हैं। संपत दास रामानुज ब्रह्मचारी हैं। यह बिहार के औरंगाबाद जिले के रहने वाले हैं। बाबा के साइकिल से तीर्थ स्थलों के भ्रमण करने की कहानी भी बेहद अनूठी है। उनके मुताबिक उनके गुरु भगवान महादेव ने उन्हें साइकिल से देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों का भ्रमण



करने का संकेत दिया। इसके बाद वह औरंगाबाद जिले से साइकिल पर सवार होकर सबसे पहले महाकालेश्वर का दर्शन करने के लिए उज्जैन गए। इसके बाद साइकिल से ही कई दूसरे तीर्थ स्थलों पर माथा टेकने के बाद वह अब प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचे हैं।

पंडित संपत दास रामानुज ब्रह्मचारी ने अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए आईएएनएस को बताया, मैं इस साइकिल से कई तीर्थस्थलों की भ्रमण कर चुका हूं। सबसे पहले हम झारखंड में कौलेश्वरी पहाड़ गए और फिर गुप्ताधाम गए। वहां से लौटकर वापस अपने औरंगाबाद गए। औरंगाबाद में महाकाल मंदिर गए जो मेरे गुरु का स्थान है। इसके बाद हम मैहर भी जा चुके हैं।

इस बारे में जानकारी देते हुए पंडित संपत दास रामानुज ब्रह्मचारी के साथी और संत ओंकारनंद सरस्वती ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, उन्होंने झारखंड भ्रमण साइकिल पर पूरा कर लिया है। माता ने उन्हें कृपा दी है। साइकिल पर जाते हुए कोई उन्हें खाना-पीना सत्तू इत्यादि दे देता है तो कई बार भोजन नहीं मिलता है। वह सनातन धर्म के लिए ऐसा कर रहे हैं और ऐसे लोगों की मां अवश्य सहायता कर रही है। उनका संकल्प है की भारत की जय-जयकार हो। सनातन धर्म की जय जयकार हो और हिंदू समाज की जय जयकार हो।बाबा संपत दास ने साइकिल को ही अपना आश्रम बना रखा है। साइकिल पर धर्म ध्वजाएं शान से फहरा रही हैं तो वही साइकिल के पिछले हिस्से पर उनका बिस्तर और आसन भी रखा हुआ है। साइकिल के चारों तरफ सनातनी झंडे लगे हुए हैं। अलग अलग देवी-देवताओं की तस्वीरें लगी हुई हैं। साथ ही धूप और धूल से बचने के लिए साइकिल को चारों तरफ से अस्थाई तौर पर पैक कर रखा है।

वही बाबा कहते है कि पूरे महाकुंभ यहीं प्रयागराज में ही रहेंगे और साइकिल से घूम-घूम कर सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करेंगे और सनातन धर्मियों को एकजुट होकर रहने का संदेश भी देंगे। साथ ही सबका कल्याण हो ऐसी कामना करेंगे।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा पर हुए रवाना, करेंगे प्रगति की समीक्षा

पटना (आरएनएस)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को अपनी प्रगति यात्रा पर रवाना हो गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी यात्रा की शुरुआत वाल्मीकिनगर से करेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के लिए पटना से रवाना हुए। उनके साथ कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी बेतिया गए हैं। बताया गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी यात्रा की शुरुआत बेतिया के वाल्मीकि नगर के घोटवा टोला से करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जाएंगे और लोगों की राय भी जानेंगे। इस दौरान वह करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। इस बीच वह विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। मुख्यमंत्री अपनी यात्रा के क्रम में जीविका समूह की महिलाओं से भी संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर इलाके में सुरक्षा के तगड़े प्रबंध किए गए हैं। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।यात्रा के पहले चरण में मुख्यमंत्री 23 से 28 दिसंबर तक छह जिलों में जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश 24 दिसंबर को पूर्वी चंपारण, 26 को शिवहर-सीतामढ़ी, 27 को मुजफ्फरपुर और 28 दिसंबर को वैशाली का दौरा करेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान समीक्षा बैठक में 23 और 24 दिसंबर को नौ विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव उपस्थित रहेंगे। इन विभागों में शिक्षा, राजस्व एवं भूमि सुधार, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सहकारिता और ग्रामीण विकास विभाग शामिल हैं। कई अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भी बैठक में शामिल होंगे। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के पूर्व मुख्यमंत्री की इस यात्रा को एनडीए के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## पीएम मोदी ने जयंती पर चौधरी चरण सिंह को किया याद, कहा- सरकार ले रही है उनसे प्रेरणा

नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें याद किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, गरीबों और किसानों के सच्चे हितैषी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव हर किसी को प्रेरित करता रहेगा।पोस्ट में पीएम मोदी ने चौधरी चरण सिंह को समर्पित एक वीडियो भी शेयर किया। वीडियो में पीएम मोदी को बैकग्राउंड में कहते हुए सुना जा सकता है, चौधरी साहब ने अपना जीवन किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित किया। चौधरी साहब ने छोटे किसानों के लिए जो किया वह पूरा देश कभी नहीं भूल सकता। अभी कुछ दिन पहले हमारी सरकार को किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का सौभाग्य मिला। उत्तर प्रदेश की धरती के बेटे चौधरी साहब का सम्मान करना देश के करोड़ों मजदूर, देश के करोड़ों किसानों का सम्मान है।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विजय वाकोडे के परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की, जिनका हाल ही में परभणी में अशांति के दौरान निधन हो गया था.

# भोजपुरी स्टार मोनालिसा ने रेड मोनोकिनी में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने स्विमिंग पूल में लगाई आग



भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी अदाओं से लोगों के दिलों पर खंजर चलाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। भोजपुरी स्टार मोनालिसा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर रेड मोनोकिनी में बेहद हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं. मोनालिसा की ये तस्वीरें और वीडियो स्विमिंग पूल के किनारे ली गई हैं, जिसमें वह अपने फैंस को अपना हॉट लुक दिखा रही हैं. मोनालिसा ने रेड मोनोकिनी पहनकर पूल में पोज दिए, जो उनकी हॉटनेस और कातिलाना अंदाज को और भी बढ़ा रहे हैं. उनका कॉन्फिडेंट लुक और उनकी फिट बॉडी ने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है. मोनालिसा का मेकअप ग्लोइंग है और उनके बाल बंधे हुए हैं, जो उनके लुक को और भी स्टाइलिश बनाते हैं. इन तस्वीरों में मोनालिसा के चेहरे पर हल्की मुस्कान है, जो उनकी खूबसूरती और आत्मविश्वास को और भी उजागर करती है.मोनालिसा सोशल इन दिनों भले ही टीवी शोज में दिखाई नहीं दे रही हो, लेकिन आए दिन अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

# फिल्म गेम चेंजर का नया सॉन्ग धोप रिलीज, राम चरण और कियारा आडवाणी के डांस मूव्स और केमिस्ट्री ने लगाई आग

गेम चेंजर साल 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। एस शंकर द्वारा निर्देशित, यह फिल्म 10 जनवरी को पोंगल के उत्सव के अवसर पर बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की भव्य रिलीज से पहले, निर्माताओं ने इसका चौथा गाना धोप रिलीज कर दिया है। इस पैपी ट्रैक में राम चरण और कियारा आडवाणी की केमिस्ट्री देखते ही बन रही है। बीट्स झूमने पर मजबूर कर देने वाले हैं।



गाने में राम चरण कियारा आडवाणी के साथ अपने बेहतरीन मूव्स दिखा रहे हैं। दोनों ने स्टाइलिश आउटफिट पहनकर नए जोशीले गाने से मंच पर आग लगा दी है। धोप में ऑनस्क्रीन जोड़ी की बेजोड़ केमिस्ट्री और एनर्जी ने सोशल मीडिया की हलचल बढ़ा दी है। विशेष रूप से, ट्रैक के अंत में अभिनेता के सिंगल डांस मूव्स जबर्दस्त हैं।गाने पर प्रतिक्रिया देते हुए एक नेटिजन ने लिखा, यूट्यूब पर इस गाने का धमाल होगा। दूसरे ने लिखा, सुपर डांस स्टेप्स, राम चरण एक लीजेंड डांसर हैं। इसके अलावा, गाने में राम चरण के बेहतरीन डांस मूव्स के कारण ग्रेस गॉड शब्द भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहा है। इस बीच, गाने को साझा करते हुए, निर्माताओं ने लिखा, बहुत अधिक एनर्जी और हाई वोल्टेज मूव्स पैक करते हुए, सभी को गेम चेंजर के धूप मंत्र पर थिरकने दें। धूप को अब अपना कार्यभार संभालने दें।तेलुगु संस्करण के अलावा, निर्माताओं ने ट्रैक के हिंदी और तमिल संस्करण भी जारी किए हैं। गाने को जानी मास्टर द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है। धोप से पहले, निर्माताओं ने नाना हयाराना, रा माचा माचा और जारागांडी नाम से फिल्म के तीन ट्रैक लॉन्च किए

# मानसिक अवरोधों को तोड़ने में मदद करती है अलग-अलग तरह की भूमिका: भूमिका गुरुंग

टीवी अभिनेत्री भूमिका गुरुंग ने अलग-अलग तरह की भूमिका को निभाने को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि अलग-अलग तरह की भूमिका मानसिक अवरोधों को तोड़ने और एक कलाकार के रूप में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।वर्तमान में 'बस इतना सा ख्वाब' में शगुन की भूमिका निभा रही अभिनेत्री ने बताया कि शगुन की भूमिका उनके व्यक्तिगत विकास को भी दिखाती है।इस बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने साझा किया, मुझे एहसास हुआ कि मैं सिर्फ मुख्य भूमिकाओं तक सीमित नहीं रहना चाहती। अगर सही तरह से निभाया जाए तो एक किरदार कम से कम स्क्रीन टाइम में भी अलग दिख सकता है। यह मानसिक अवरोधों को तोड़ने और भूमिकाओं में विविधता को अपनाने के बारे में है।गुरुंग ने यह भी खुलासा किया कि शगुन का उनका किरदार पारंपरिक ढांचे से अलग है। शो में उनका किरदार आधुनिक, व्यावहारिक और अपनी पसंद को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है और भारतीय टेलीविजन पर अक्सर दिखाए जाने वाले त्याग करने वाली बहू से के किरदार बिल्कुल अलग है।भूमिका ने बताया, शगुन कोई कोमोलिका या खलनायिका नहीं है। उसकी अपनी भावनाएं हैं, वह गलतियां करती है और अपने फैसलों की जिम्मेदारी खुद लेती है। यही बात उसे दूसरों से अलग बनाती है।शो के बारे में बात करते हुए भूमिका ने कहा, हम सभी ने कभी न कभी किसी न किसी चीज का सपना देखा है। सपने हमें परिभाषित करते हैं। यही बात शो के टाइटल को प्रासंगिक बनाता है। यह छोटी-छोटी इच्छाओं और आकांक्षाओं के बारे में है, जो हर किसी के साथ जुड़ती है।भूमिका गुरुंग ने कहा, पिछले कुछ सालों में इंडस्ट्री काफी विकसित हुई है। नए ट्रेंड, कार्य संस्कृति और कहानी कहने की तकनीकों को अपनाना बहुत जरूरी है। इसी तरह आप एक कलाकार के तौर पर आगे बढ़ सकते हैं।



# थिएटर्स के बाद ओटीटी पर कब्जा करेगी श्रीमुरली फिल्म बघीरा, हिंदी में 25 दिसंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगी रिलीज?

2024 को खत्म होने में बस कुछ दिन ही बचे हुए हैं। इस साल सिनेमाघरों में एक से बढ़कर एक फिल्में थिएटर में रिलीज हुई। कुछ मूवीज ने बॉक्स ऑफिस पर आंधी लाई तो कुछ का आना और जाना पता ही नहीं चला। इस साल फिल्मों के लिहाज से साउथ की मूवीज का दबदबा देखने को मिला था जिसमें कन्नड़ की बघीरा भी शामिल है। इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दर्शकों का भरपूर एंटरटेनमेंट किया। अगर आपने अभी तक ये फिल्म नहीं देखी है तो बता दें कि अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं। फिल्ममेकर प्रशांत नील ने बहुत कम समय में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। यश के साथ केजीएफ फ्रैंचाइजी और प्रभास के साथ सालार जैसी ब्लॉकबस्टर डिलीवर कर चुके प्रशांत नील से फैन्स की उम्मीदें बढ़ा दी थी। बघीरा की कहानी से एक नए हीरो की कहानी सामने आई।




### महेश बाबू की फिल्म एसएसएमबी 29 पर आया बड़ा अपडेट, जनवरी में शुरु होगी शुटिंग!

महेश बाबू और एसएस राजामौली की फिल्म एसएसएमबी 29 काफी समय से चर्चा में है। लेकिन अब तक इस फिल्म को लेकर धीरे-धीरे अपडेट आते रहे हैं। लेकिन अब इस फिल्म को लेकर जो अपडेट आया है, वो फैंस की खुशी को दोगुना कर देगा। अब इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने जा रही है। देश की पहली 1000 करोड़ी फिल्म की शूटिंग शुरू होने जा रही है। अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। लेकिन ताजा रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म पर जनवरी 2025 से काम शुरू हो सकता है।

# पुष्पा 2 और वनवास के बीच मुफासा ने मचाया गदर, दूसरे दिन फिल्म ने ताबड़तोड़ कूट डाले इतने करोड़




मुफासा: द लॉयन किंग के सिनेमाघरों में पहुंचने का आज दूसरा दिन है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। मुफासा की कहानी जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित थे। अब आखिरकार यह फिल्म सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। इसे दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। इसी कड़ी में फिल्म ने ओपनिंग डे पर बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ का बिजनेस किया। अब इसके दूसरे दिन के आंकड़े भी जारी हो गए हैं। आइए जानते हैं दूसरे दिन इसने कितनी कमाई की है।

द लॉयन किंग की रिलीज के 5 साल बाद अब मुफासा: द लॉयन किंग दुनियाभर में रिलीज हो गई है। फैंस के बीच एक्साइटमेंट लेवल इसलिए भी ज्यादा देखने को मिल रहा है क्योंकि इसके हिंदी वर्जन को खुद किंग खान ने अपनी आवाज दी है। यही वजह है कि दर्शक इससे जुड़ाव महसूस कर रहे हैं। इसके अलावा बाकी दो किरदारों को उनके बेटों ने आवाज दी है। कमाई की बात करें तो पहले दिन जहां 10 करोड़ का कारोबार किया, वहीं दूसरे दिन वीकेंड का फायदा उठाते हुए फिल्म ने 14 करोड़ रुपये की कमाई की है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे दिन के कलेक्शन को मिलाकर इसने कुल 22 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। मुफासा में अबराम और आर्यन के अलावा श्रेयस तलपड़े और संजय मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। फिल्म के तेलुगु वर्जन में महेश बाबू ने मुफासा के किरदार को आवाज दी है।

### पुष्पा 2 का दबदबा कायम, वीकएंड पर किया शानदार कारोबार, बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ने से महज इंचभर दूर है फिल्म

पुष्पा 2: द रूल को रिलीज हुए 17 दिन हो गए हैं लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का दबदबा कायम है. अल्लू अर्जुन की फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी और पहले दिन से हर रोज रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन कर रही है. तीसरे हफ्ते तक आते-आते फिल्म का कलेक्शन घटने लगा था लेकिन अब तीसरे शनिवार फिल्म की कमाई फिर बढ़ गई.सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक पुष्पा 2: द रूल ने पहले हफ्ते 725.8 करोड़ रुपए कमाए थे. दूसरे हफ्ते फिल्म का कुल कलेक्शन 264.8 करोड़ रुपए रहा. तीसरे गुरुवार (15वें दिन) को फिल्म ने 17.65 करोड़ रुपए और 16वें दिन 14.3 करोड़ रुपए कमाए थे. अब 17वें दिन पुष्पा 2: द रूल की कमाई बढ़ गई है और फिल्म 25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है.

# बेबी जॉन का नया गाना बीस्ट मोड रिलीज, एक्शन अवतार में वरुण धवन ने दिखाया कमाल

वरुण धवन पिछले कुछ दिनों से फिल्म बेबी जॉन को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।अब इस फिल्म का नया गाना बीस्ट मोड रिलीज हो गया है, जिस पर उनके प्रशंसक खूब प्यार लुटा रहे हैं।इसी गाने के साथ फिल्म की एडवांस बुकिंग भी खुल गई है। वरुण ने खुद सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है।फिल्म के गाने में वरुण का जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। गाने को राजा कुमारी ने गाया है। इसकी शुरुआत वरुण से होती है, जो अपनी बेटी की खोज करते हैं और गुंडों से दो-दो हाथ करते दिख रहे हैं।पुलिस अफसर के किरदार में वरुण खूब जंच रहे हैं। उधर गुंडों के लीडर बने जैकी श्रॉफ का अवतार भी देखने लायक है।प्रशंसक सोशल मीडिया पर इस गाने की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।यह गाना देख एक यूजर ने लिखा, बेबी जॉन ब्लॉकबस्टर होगी। एक ने लिखा, भाई बड़े समय बाद ऐसा जोरदार बैकग्राउंड म्यूजिक सुनने को मिला है।एक ने लिखा, ओह भाई साहब यही वजह है कि मैं सिर्फ और सिर्फ सिनेमाघरों में यह फिल्म देखूंगा।कुछ प्रशंसकों का मानना है कि इस फिल्म से वरुण सिनेमाघरों में आग लगा देंगे। एक लिखते हैं, फायर नहीं, ये वाइल्डफायर है भाई। मजा आ गया।एक ने लिखा, सचमुच बवाल है बेबी जॉन। बेबी जॉन में वरुण की जोड़ी पहली बार कीर्ति सुरेश के साथ बनी है। वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव जैसे सितारे भी इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए वरुण पहली बार पर्दे पर डबल रोल में दिखेंगे।

# फलों का स्वाद नमकीन क्यों नहीं होता? जानिए खट्टे-मीठे फलों पर नमक डालकर खाना सही या गलत

**फल हर कोई खाता है. किसी को खट्टे-मीठे यूं ही खाना पसंद होता है तो कोई उनके ऊपर स्वाद बढ़ाने के लिए नमक या मसाला डालकर खाते हैं. लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि फलो का स्वाद मीठा या खट्टा तो होता है लेकिन कभी नमकीन क्यों नहीं होता? या आप जो फलों पर नमक या मसाला डालकर खाते हैं तो इससे आपकी सेहत को कोई नुकसान तो नहीं होता, अगर नहीं तो ये खबर आपके लिए है. आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से.**



## फल नमकीन क्यों नहीं होते?

आमतौर पर कोई भी फल नमकीन नहीं होता है. इसमें नमक की मात्रा पैदा करने वाले नेचुरल सिस्टम की कमी होती है. पौधे शुगर और एसिड को नेचर के जरिए अपने सिस्टम से प्रोसेस कर सकते हैं लेकिन नमक यानि सोडियम क्लोराइड नहीं. आमतौर मिट्टी से पौधों में कुछ नमक जरूर आता है लेकिन बहुत सीमित मात्रा में. अगर ये ज्यादा हो जाए तो पौधे की ग्रोथ और बीज से पौधा बनने की प्रक्रिया पर असर डाल सकते हैं.

## दुनिया का एकमात्र खट्टा फल

अपवाद के तौर पर कुछ फलों में नमक की थोड़ी मात्रा हो सकती है, लेकिन इसके बाद भी उनमें नमकीन स्वाद नहीं होता. कई फल ऐसे होते हैं जिसमें बहुत कम मात्रा में सोडियम होता है. हालांकि दुनिया का एक फल ऐसा है जो नमकीन होता है, इसे पिगफेस फ्रूट कहते हैं. ये दुर्लभ माना जाता है.ये आस्ट्रेलिया में पाया जाता है.

## फल कम या ज्यादा मीठा क्यों होता है?

आपने महसूस किया होगा कि कुछ फल ज्यादा मीठे या खट्टे होते हैं जबकि कुछ कम. ऐसा फलों में मौजूद फ्रक्टोज़, सेल्यूलोज, विटामिन, स्टार्च, एसिड और प्रोटीन के कारण उनमें मिठास और खट्टेपन की मात्रा अलग अलग होती है. जिन फलों शर्करा ज्यादा होती है, उनका स्वाद मीठा होता है, जिनमें अम्लों की मात्रा ज़्यादा होती है, उनका स्वाद खट्टा होता है. तो कुल मिलाकर पौधों में मुख्य रूप से प्राकृतिक शर्करा (जैसे फ्रक्टोज़) और अम्ल (जैसे साइट्रिक एसिड) मौजूद होते हैं. ये उसके स्वाद को निर्धारित करते हैं.

## फलों में नमक डालकर खाना चाहिए या नहीं?

विज्ञान के अनुसार नमक के साथ फल खाने से स्वास्थ्य पर पॉजिटिव और निगेटिव दोनों तरह के कई प्रभाव पड़ सकते हैं. नमक डालने से कुछ फलों के स्वाद चटपटे हो जाते हैं, जिससे उन्हें खाने में ज्यादा स्वाद आता है.

ये खट्टे या कच्चे फलों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है. साइंस कहती है कि नियमित रूप से नमक के साथ फल खाने से अत्यधिक सोडियम का सेवन हो सकता है. उससे हाई सोडियम सेवन हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और स्ट्रोक का रिस्क दे सकता है. फिर फलों पर नमक छिड़कने से उनमें पानी निकल सकता है, जिससे कुछ पोषक तत्व खराब हो सकते हैं. यानि किसी फल से जितना लाभ मिल सकता है, वो नहीं मिलेगा.

# चारकोल टूथपेस्ट इस्तेमाल करने से पहले इन बातों का जरूर रखें ध्यान, जानें कितना सुरक्षित है यह टूथपेस्ट

चारकोल टूथपेस्ट (जिसे ब्लैक टूथपेस्ट भी कहा जाता है) एक लोकप्रिय ट्रेंड है. जिसे दांतों को साफ और सफेद रखने के लिए एक स्वस्थ तरीके के रूप में मार्केटिंग किया जाता है. एक्टिव चारकोल लकड़ी और नारियल के खोल जैसे कार्बनिक उच्च कार्बन सामग्री से बने महीन दाने वाले पाउडर से बना होता है. जब इन तत्वों का ऑक्सीकरण होता है और उन्हें अत्यधिक तापमान पर गर्म किया जाता है, तो वे चारकोल में बदल जाते हैं. इस रासायनिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद, परिणामी पदार्थ में छोटे छिद्र होते हैं जो जमा और विष को फंसा सकते हैं

चारकोल टूथपेस्ट के समर्थकों का दावा है कि यह एक चुंबक की तरह काम करता है, जो आपके दांतों से टार्टर, बैक्टीरिया और दागों को खींचता है. वास्तव में, विकसित दुनिया में एक्टिव चारकोल सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला प्वाइज कंट्रोल ट्रीटमेंट है. ऐसा इसलिए है क्योंकि एक्टिव चारकोल गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट में टॉक्सिन्स को बांधता है, जिससे उनका अवशोषण रुक जाता है. लेकिन, क्या एक्टिवेटेड चारकोल टूथपेस्ट काम करता है और क्या यह रोजाना इस्तेमाल के लिए सुरक्षित है? विस्तार से जानते हैं इस स्टोरी में...

## चारकोल टूथपेस्ट के फायदे

दाग हटाता है

विशेषज्ञों का कहना है कि चारकोल टूथपेस्ट का सोखने का गुण दांतों पर लगे दागों को हटाने में मदद करता है.

सांसों की दुर्गंध को कम करता है

कई शोधों के हवाले से ऐसा कहा जाता है कि चारकोल मुंह से बैक्टीरिया और अन्य दूषित पदार्थों को हटाकर सांसों की दुर्गंध को कम करने में मदद करता है. प्लाक को कम करता है: कुछ अध्ययनों के अनुसार, चारकोल टूथपेस्ट भी दांतों पर प्लाक को कम करने में मदद करता है. प्लाक बैक्टीरिया और खाद्य अपशिष्ट की एक चिपचिपी परत होती है.

## चारकोल टूथपेस्ट के नुकसान

हालांकि, उचित खुराक में चारकोल टूथपेस्ट का उपयोग करना सुरक्षित है, लेकिन इसे रोजाना उपयोग करने के फायदे से अधिक नुकसान हैं...

दांतों के इनेमल को नुकसान पहुंचा सकता है : कुछ चारकोल टूथपेस्ट बहुत कठोर होते हैं. इनके घर्षण गुणों के कारण दांतों के ऊपर की इनेमल परत के घिसने का खतरा रहता है. बता दें, इनेमल दांतों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह होता है. ऐसा कहा जाता है कि इसके



क्षतिग्रस्त होने पर दांत संवेदनशील हो जाते हैं. कहा जाता है कि ठंडा और गर्म पदार्थ लेने पर दर्द होता है और दांतों में सड़न की संभावना भी बढ़ जाती है.

सभी प्रकार के दाग नहीं हटाता: चारकोल टूथपेस्ट केवल सतह के दाग हटाता है. यानी यह कॉफी, चाय और सिगरेट जैसी चीजों से लगे दाग को हटा सकता है. लेकिन, इससे दांतों की अंदरूनी परत पर बने दाग नहीं हटते है.

मसूड़ों से खून आना: जब चारकोल टूथपेस्ट का अधिक मात्रा में उपयोग किया जाता है, तो इससे मसूड़े लाल हो सकते हैं, सूज सकते हैं, दर्द हो सकता है और खून आ सकता है.

काला अवशेष: चारकोल काला होता है और ब्रश करने के बाद मुंह में काला अवशेष छोड़ सकता है. इन्हें पूरी तरह से हटाने के लिए मुंह को अच्छी तरह से धोना चाहिए.

इनेमल को मजबूत बनाता है: फ्लोराइड दांतों की सतह पर इनेमल को बांधता है, जिससे यह मजबूत हो जाता है. जब एसिड उन पर हमला करता है तो यह दांतों को नुकसान से बचाता है.

क्षय को रोकता है: खाना खाने के बाद मुंह में बैक्टीरिया शर्करा को एसिड में बदल देते हैं. ये एसिड इनेमल को कमजोर कर देते हैं, जिससे दांत खराब हो जाते हैं. फ्लोराइड इस प्रक्रिया को धीमा कर देता है. कुछ मामलों में इसका उलटा भी होता है.

## गाजा में इजरायली हवाई हमलों में 23 फिलिस्तीनी मारे गए

गाजा (आरएनएस)। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने बताया कि गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 23 फिलिस्तीनी मारे गए। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने डब्ल्यूएएफए के हवाले से बताया कि रविवार को मूसा बिन नुसायर स्कूल पर इजरायली बमबारी के परिणामस्वरूप तीन बच्चों और दो महिलाओं सहित कम से कम नौ लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गए, जिसमें गाजा शहर के अल-दराज पड़ोस में विस्थापित लोग रहते थे।इसमें कहा गया है कि गाजा शहर के अल-जला स्ट्रीट पर इजरायली सेना द्वारा एक वाहन पर बमबारी करने पर चार और लोग मारे गए। डब्ल्यूएएफए ने एक अलग रिपोर्ट में कहा कि रविवार सुबह गाजा शहर के उत्तर में जबालिया शहर में इजरायल की गोलाबारी में चार बच्चों सहित पांच नागरिकों की मौत हो गई। डब्ल्यूएएफए ने कहा कि दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के पश्चिम में उनके अपार्टमेंट पर इजरायली सेना द्वारा बमबारी में दो लोग मारे गए।इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार को एक बयान में कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर वायु सेना ने गाजा पट्टी में एक कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर के अंदर सक्रिय हमास आतंकवादियों पर सटीक हमला किया।इसमें कहा गया है कि कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर, जो एक परिसर के अंदर बनाया गया था, जो पहले मूसा बिन नुसयार स्कूल के रूप में कार्य करता था, का उपयोग आतंकवादियों द्वारा आईडीएफ सैनिकों और इजरायल राज्य के खिलाफ हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया जाता था।इजरायल ने 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के उत्पात का बदला लेने के लिए गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला किया है, जिसके दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 250 बंधक बनाए गए। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को एक बयान में कहा कि गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 45,227 हो गई है।

## उत्तर कोरिया पर लगाम लगाने के लिए अमेरिका व दक्षिण कोरिया संयुक्त रूप से करेंगे प्रयास

सियोल(आरएनएस)। उत्तर कोरिया के क्रिप्टोकरेंसी चोरी के प्रयासों के खिलाफ दक्षिण कोरिया और अमेरिका संयुक्त रूप से अनुसंधान कर रहे हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी।साइबर सुरक्षा उद्योग के अधिकारियों के अनुसार, दक्षिण कोरियाई सरकार और अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग के बीच हाल ही में इस मामले में सहमति बनी है। दोनों पक्ष संयुक्त रूप से क्रिप्टोकरेंसी-लक्षित हमलों को रोकने के साथ चोरी की गई संपत्तियों को ट्रैक करने के लिए काम करेंगे।योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी योजना एवं मूल्यांकन संस्थान के माध्यम से इस तरह के अनुसंधान को समर्थन देने की योजना बना रहा है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद बिटकॉइन की कीमत बढ़कर 100,000 डॉलर हो गई। इसके बाद हैकरों द्वारा संपत्तियों को चुराने का प्रयास किया गया। संयुक्त राज्य अमेरिका साइबर सुरक्षा अनुसंधान के लिए अन्य देशों के साथ सहयोग करता है। डिजिटल परिसंपत्ति ट्रैकिंग प्रौद्योगिकी पर अनुसंधान के लिए दक्षिण कोरिया को चुना है। क्योंकि उत्तर कोरिया को क्रिप्टोकरेंसी चोरी के प्रयासों को लेकर अपराधी के तौर पर देखा जाता है।

# मस्क को राष्ट्रपति बनाएंगे ट्रंप? अफवाहों पर आया जवाब



वॉशिंगटन(ए)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रंप आने वाले समय में एलन मस्क को राष्ट्रपति बनाने जा रहे हैं। ऐसे अफवाहें इतनी ज्यादा फैली की खुद ट्रंप को सफाई देना पड़ी। फीनिक्स में रिपब्लिकंस की तरफ से आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान ट्रंप ने इस दावे को नकारते हुए कहा कि मजाकिया लहजे में कहा कि अच्छा है कि मस्क इस देश में नहीं पैदा हुए थे। इस तरह मेरा राष्ट्रपति पद पूरी तरह से सुरक्षित है। ट्रंप के इस जवाब पर वहां मौजूद लोग खूब हंसे और तालियां बजाईं। ट्रंप ने कहाकि तरह-तरह की अफवाहें उड़ाई जा रही हैं। इनमें से एक अफवाह यह भी है कि राष्ट्रपति पद मस्क को दिया जा सकता है। लेकिन यह महज अफवाह है। ट्रंप डेमोक्रेटिक खेमे से उठने वाली आलोचनाओं का जवाब दे रहे थे। इन आलोचनाओं में प्रशासन में मस्क की बढ़ती भूमिका पर सवाल उठाया गया था। साथ ही उन्हें 'प्रेसीडेंट मस्क' कहकर संबोधित किया जा रहा था। डोनाल्ड ट्रंप ने कहाकि मस्क का जन्म इस देश में नहीं हुआ है। ऐसे में वह कभी भी अमेरिका का राष्ट्रपति नहीं बन सकते। गौरतलब है कि स्पेसएक्स के बॉस का जन्म दक्षिण अफ्रीका में हुआ है। अमेरिकी संविधान के मुताबिक देश का राष्ट्रपति बनने के लिए जरूरी है कि वह शख्स जन्म से अमेरिकी नागरिक हो। हालांकि इस मौके पर ट्रंप ने एलन मस्क की तारीफ जरूर की। उन्होंने कहाकि मस्क उनके कैंपेन के दौरान एक महत्वपूर्ण डोनर रहे हैं। इसके अलावा उनकी इंटेलीजेंस और योगदान के लिए भी ट्रंप ने मस्क की सराहना की। ट्रंप ने कहाकि क्या स्मार्ट लोगों पर भरोसा करना अच्छा नहीं है?

## ब्राज़ील में एक छोटे विमान हादसे में 10 लोगों की मौत, एयरक्राफ्ट हवा से सीधे दुकानों पर आ गिरा

ब्राजील (ए)। ब्राज़ील के दक्षिणी पर्यटन शहर ग्रैमाडो में रविवार को एक गंभीर विमान दुर्घटना घटी, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई। विमान शहर के केंद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे कई दुकानें और घर क्षतिग्रस्त हो गए।अधिकारियों के मुताबिक, विमान पहले एक इमारत की चिमनी से टकराया, फिर एक घर की दूसरी मंजिल को छुआ, और इसके बाद एक फर्नीचर की दुकान से टकराया। दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा। रियो ग्रांडे डो सुल राज्य के गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दुर्भाग्य से, प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि विमान में सवार सभी लोग जीवित नहीं बचे।

दुर्घटना के बाद कम से कम 15 लोग अस्पतालों में भर्ती किए गए, जिनमें से अधिकांश लोग आग और धुएं से प्रभावित हुए थे। विमान का मलबा पास के एक सराय तक भी पहुंचा।

ग्रैमाडो ब्राजील का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो इस समय क्रिसमस के कारण विशेष रूप से व्यस्त है। इस साल की शुरुआत में शहर बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुआ था, जिसमें दर्जनों लोगों की जान गई और राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी असर पड़ा।

## सुनीता को लेकर अंतरिक्ष से आई खबर, अब मार्च या अप्रैल में करेंगी वापसी

### –नासा ने की तस्वीर शेयर, क्रिसमस के त्योहार के रंग में रंगी आई नजर

वॉशिंगटन,(ए)। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके साथी विल्मोर बुच महीनों से स्पेस में 'फंसे' हुए हैं। दोनों की धरती पर वापसी अब मार्च के आखिरी या फिर अप्रैल



महीने से पहले नहीं हो सकेगी। वापसी का लगातार समय बढ़ता जा रहा है। अब सुनीता की नई तस्वीर सामने आई है, जिसमें एक बार फिर से उनके हेल्थ को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। लोग सुनीता की हेल्थ पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। लोग तस्वीर देख कर कह रहे हैं कि सुनीता की हालत ठीक नहीं है और उन्हें जल्द से जल्द वापस लाया जाए।

बता दें सुनीता और विल्मोर इस साल जून के पहले हफ्ते में अंतरिक्ष में गए थे। शुरुआत में यह मिशन सिर्फ हफ्तेभर का था, लेकिन स्पेसक्राफ्ट में आई तकनीकी खराबी के कारण दोनों वहीं फंस गए और जब से उनकी वापसी को लेकर आए दिन अपडेट आते रहते हैं जिससे लोगों की चिंता बढ़ जाती है।नासा ने सुनीता विलियम्स की यह फोटो शेयर की है। इसमें उनके साथ नासा के ही एक और एस्ट्रोनॉट डॉन पेटिट भी दिखाई दे रहे हैं। 17 दिसंबर को शेयर की सुनीता की तस्वीर में वह सैंटा क्लॉज वाली रेड कलर की हैट लगाई दिखाई दे रही हैं। इसमें उन्होंने रेड कलर की टी-शर्ट पहन रखी है। इसमें वह पूरी तरह से क्रिसमस के त्योहार में रंगी नजर आ रही हैं। नासा ने फोटो के साथ कैप्शन लिखा- एक और दिन, एक और स्लेज।नासा के अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट और सुनी विलियम्स अंतरिक्ष स्टेशन के कोलंबस प्रयोगशाला मॉड्यूल के अंदर हैम रेडियो पर बोलते हुए एक मजेदार छुट्टियों के मौसम के फोटो के लिए पोज देते हैं।


## रूस में और सैनिक, आत्मघाती ड्रोन भेजने की तैयारी में उत्तर कोरिया : सोल

**सोल (आरएनएस)। दक्षिण कोरिया की सेना ने सोमवार को दावा किया कि उत्तर कोरिया यूक्रेन के खिलाफ मॉस्को की मदद के लिए अतिरिक्त सैन्य टुकड़ियां और सैन्य उपकरण भेजने की तैयारियां कर रहा है। सैन्य उपकरणों में आत्मघाती ड्रोन भी शामिल हो सकते हैं।योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक सोल की जासूसी एजेंसी के अनुसार, यह आकलन ऐसे समय में किया गया जब माना जा रहा है कि प्योंगयांग ने यूक्रेन के खिलाफ रूस की तरफ से लड़ने के लिए हजारों सैनिक भेजे हैं। रूस में हताहत हुए उत्तर कोरियाई सैनिकों की संख्या लगभग 1,100 होने का अनुमान है।संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा, विभिन्न खुफिया सूचनाओं के व्यापक आकलन से पता चलता है कि उत्तर कोरिया (रूस में) सैनिकों की तैनाती को बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। वह 240 मिलीमीटर रॉकेट लांचर और 170 मिमी स्व-चालित तोपखाने की सप्लाई भी कर रहा है।**

**जेसीएस ने कहा, उत्तर कोरिया के आत्मघाती ड्रोनों को बनाने और सप्लाई करने की दिशा में आगे बढ़ने के भी कुछ संकेत हैं।पिछले महीने, उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने बताया कि किम ने विभिन्न प्रकार के आत्मघाती हमलावर ड्रोनों की टेस्टिंग को देखा था। उन्होंने इन हथियारों के पूर्ण पैमाने पर उत्पादन की बात कही थी, जो आधुनिक युद्ध में तेजी से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं।**

# मेट्रो में महिला को जिंदा जलाया, फिर स्टेशन पर बैठकर देखता रहा

### स्कूली बच्चों की सूचना पर पुलिस ने 8 घंटे में किया आरोपी को गिरफ्तार



न्यूयॉर्क सिटी,(ए)। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में एक महिला की मेट्रो में आग लगाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी सुबह 7:30 बजे मेट्रो में महिला के पास पहुंचा और स्टेशन पर उतरने से पहले उसने मेट्रो में आग लगा दी। आग में जलने से महिला की मौत हो गई।पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आरोपी ने लाइटर से महिला के एक सफेद कपड़े में आग लगाई थी। आग लगने की वजह से कपड़ा चंद सेकंड में ही जल गया। इसके बाद आग महिला के दूसरे कपड़ो में आग फैल गई। पीड़ित महिला की पहचान नहीं हो सकी है। आग लगाने के बाद आरोपी मेट्रो से उतरकर स्टेशन पर जाकर बैठ गया था। प्लेटफॉर्म पर बैठे-बैठे वह महिला को जलते हुए देख रहा।जानकारी के मुताबिक मेट्रो स्टेशन पर गश्त कर रहे पुलिस अधिकारियों को ट्रेन से धुआं निकलता दिखाई दिया और बदबू आई। इसके बाद वह मौके पहुंचे और पाया कि महिला आग में जल रही थी। इसके बाद अधिकारियों ने आग को बुझाया। मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि महिला घटना के समय सो रही थी। आग लगाने से पहले आरोपी और महिला के बीच कोई बातचीत नहीं हुई थी। पुलिस के मुताबिक दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे।एक रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी ने महिला के कंबल में आग लगाई थी। ये आग तब तक फैलती रही जब तक महिला आग की लपटों से घिरकर खड़ी नहीं हो गई। स्टेशन पर बैठा आरोपी की तस्वीरें पुलिस के बॉडी कैमरों में कैद हो गई थीं। उस वक्त उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। मेट्रो के सीसीटीवी से मिले वीडियो में आरोपी के हुलिए के आधार पर उसकी पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने बॉडी कैमरों से मिली फुटेज को सार्वजनिक कर लोगों से आरोपी को पकड़ने में मदद मांगी।



# मंधाना और रेणुका के शानदार प्रदर्शन से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहले एकदिवसीय में वेस्टइंडीज को 211 रनों से हराया



वड़ोदरा (आरएनएस)। स्मृति मंधाना के अर्धशतक के बाद रेणुका सिंह की अच्छी गेंदबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को पहले एकदिवसीय में 211 रनों से हरा दिया। ये रनों के हिसाब से घरेलू धरती पर भारतीय टीम की सबसे बड़ी जीत है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना के 91 रनों की सहायता से 9 विकेट पर 314 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की महिला टीम 26.2 ओवरों में 103 रनों पर ही सिमट गयी।

वेस्टइंडीज टीम के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये। उसके सात बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। कैरेबियाई टीम के लिए सबसे ज्यादा रन फ्लेचर ने बनाया। उन्होंने 22 गेंदों में 24 रन की नाबाद पारी खेली। इसके अलावा शेमैन कैम्पबेल ने 21 रन बनाये। भारतीय टीम की ओर से रेणुका सिंह ने सबसे अधिक 5 विकेट लिए। वहीं इस मैच में मंधाना ने अपना लगातार चौथा अर्धशतक लगाया। उनके अलावा हरलीन देयोल ने 44 रन और ऋचा घोष ने 12 गेंदों पर 26 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी 23 गेंदों पर 34 रन बनाये । इस प्रकार भारतीय टीम ने 314 रनों का बड़ा स्कोर बनाया। वेस्टइंडीज की ओर से जायदा जेम्स ने 5 विकेट लिए।

## श्रीलंका के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम घोषित

नईदिल्ली,(ए)। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ 28 दिसंबर से टी-20 सीरीज और उसके बाद 5 जनवरी, 2025 से वनडे सीरीज खेलनी है।इन दोनों घरेलू सीरीज के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीमों का ऐलान किया है। युवा बल्लेबाज बेवॉन जैकब्स को टी-20 टीम में शामिल किया गया है। रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल और मैट हेनरी की टी-20 और वनडे दोनों टीमों में वापसी हुई है। आइए न्यूजीलैंड की टीम पर एक नजर डालते हैं। जैकब्स को हाल ही में आईपीएल की बड़ी नीलामी में मुंबई इंडियंस ने खरीदा था। उन्होंने सोमवार (23 दिसंबर) को श्रीलंका के खिलाफ अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड एकादश के लिए 16 गेंदों पर 39 रन बनाए थे। उन्होंने अब तक 9 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें 33.50 की औसत और 188.73 की स्ट्राइक रेट के साथ 134 रन बनाए हैं।वह सम्भवत: टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अपना डेब्यू कर सकते हैं। जैक फाउलकेस, मिच हे और टिम रॉबिन्सन की तिकड़ी, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में अपना डेब्यू किया था, पहली बार घरेलू सीरीज में खेलने के लिए तैयार हैं। मिच को वनडे और टी-20 दोनों टीमों में जगह मिली है।विल ओरुके और विल यंग सिर्फ वनडे सीरीज के लिए चुने गए हैं।

## भारत और पाकिस्तान का चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबला 23 फरवरी को यूएई में

नई दिल्ली,(ए)। भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफ़ी 2025 का मुक़ाबला 23 फ़रवरी को रविवार के दिन यूएई में खेला जाएगा। जैसी उम्मीद थी ठीक वैसा ही हुआ और आखिरकार पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नक़वी और यूएई के वरिष्ठ मंत्री और अमीरात क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख शेख़ नाहयान अल मुबारक के बीच पाकिस्तान में हुई मुलाक़ात के बाद इस पर मुहर लग गई। पीसीबी के प्रवक्ता आमिर मीर ने बताया, पीसीबी ने यूएई को तटस्थ स्थान के तौर पर चुना है।

भारत का पहला मैच 20 फ़रवरी को बांग्लादेश के ख़िलाफ़ और आख़िरी मैच 2 मार्च को न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ खेला जाएगा। ग़ौरतलब है कि भारत चैंपियंस ट्रॉफ़ी खेलने पाकिस्तान नहीं जाएगा और उनके मैच यूएई में खेले जाएंगे।

अगर भारत सेमीफ़ाइनल में पहुंचता है तो पहला सेमीफ़ाइनल यूएई में होगा। अगर भारत सेमीफ़ाइनल के लिए क्वालिफ़ाई नहीं करता है तो फिर सभी सेमीफ़ाइनल पाकिस्तान में खेले जाएंगे। 9 मार्च को फ़ाइनल लाहौर में खेला जाएगा, लेकिन अगर भारत फ़ाइनल में पहुंचता है तो फिर ये ख़िताबी भिड़ंत यूएई में होगी।

चैंपियंस ट्रॉफ़ी 2025 ग्रुप

ग्रुप ए - पाकिस्तान, बांग्लादेश, भारत और न्यूज़ीलैंड

ग्रुप बी - अफ़ग़ानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ़्रीका

चैंपियंस ट्रॉफ़ी शेड्यूल के अनुसार पहला मैच 19 फ़रवरी को मेज़बान पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड के बीच कराची में खेला जाएगा। पाकिस्तान का दूसरा ग्रुप मुक़ाबला बांग्लादेश के ख़िलाफ़ रावलपिंडी में 27 फ़रवरी को होगा।

आठ देशों के इस टूर्नामेंट के दूसरे ग्रुप में अफ़ग़ानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ़्रीका है। दूसरे ग्रुप के सभी मैच लाहौर, कराची और रावलपिंडी में ही खेले जाएंगे। दोनों सेमीफ़ाइनल (4 और 5 मार्च) व फ़ाइनल के लिए एक रिज़र्व डे भी तय किया गया है।

आईसीसी बोर्ड द्वारा लिए गए फ़ैसले के तहत 2024-27 के चक्र के दौरान पाकिस्तान में होने वाले भारत के सभी मैच तटस्थ वेन्यू पर खेले जाएंगे और इसके बदले में भारत द्वारा आयोजित किसी भी इवेंट में पाकिस्तान से जुड़े सभी मैच भारत के बाहर खेले जाएंगे।

## बॉक्सिंग-डे टेस्ट से पहले अभ्यास पिचों पर विवाद, भारत ने उठाए सवाल

### –बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच 26 दिसंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा यानी बॉक्सिंग-डे टेस्ट मेलर्बन क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर खेला जाएगा।इससे पहले ही इसकी अभ्यास पिचों



को लेकर विवाद शुरू हो गया है। दरअसल, भारतीय टीम और मेजबान ऑस्ट्रेलिया टीम को उपलब्ध कराई गई अभ्यास पिचों में काफी अंतर नजर आया है। इसको लेकर भारतीय टीम प्रबंधन ने नाराजगी जताते हुए पिचों की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है।

भारतीय टीम को दी गई पिचों में न तो उछाल है और न ही तेजी है। जबकि, ऑस्ट्रेलिया को दी गई पिचों में अधिक उछाल के साथ तेजी है और चौथे टेस्ट के लिए इस्तेमाल होने वाली पिच के समान है।इन पिचों पर अभ्यास के दौरान केएल राहुल की उंगली में चोट लगी है और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को उछाल की कमी के कारण घुटने में चोट लगी थी।इस भेदभाव पर भारतीय टीम ने नाखुशी जताई है।

इस पूरे मामले पर एमसीजी के पिच क्यूरेटर मैट पेज ने स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने कहा, हमें भारतीय टीम का कार्यक्रम पहले ही पता चल गया था, लेकिन हम आम तौर पर मैच से 3 दिन पहले मैच आधिरत पिच उपलब्ध कराते हैं। यह नियम सभी टीमों पर लागू होता है।उन्होंने आगे कहा, बॉक्सिंग-डे टेस्ट के लिए तैयार पिच अभ्यास पिचों से काफी अलग होगी। ऑस्ट्रेलिया को दी गई अभ्यास पिचों में उससे अधिक गति और उछाल है।पिछले एक दशक में भारतीय टीम का एमसीजी पर रिकॉर्ड अच्छा रहा है। पिछले 2 टेस्ट में भारत ने मेजबान को हराया है। साल 2014 में खेला गया टेस्ट ड्रॉ रहा था।ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ एमसीजी पर आखिरी टेस्ट 2011 में जीता था।कुल मिलाकर दोनों टीमों ने एमसीजी पर 14 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से भारत ने 4 जीते और 8 हारे हैं। 2 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।

# 2025 जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा भारत

नई दिल्ली (ए)। साल 2025 में भारत जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा। विश्व कप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें। यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे



बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी।''उन्होंने कहा, ''हमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।'' वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद शीघ्र ही उन्हें इसके बारे में बताएंगे जिससे सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें।'' इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं।

# ट्रेविस हैड पर अंकुश लगाना होगा : शास्त्री



मेलबर्न (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि भारतीय गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हैड पर अंकुश लगाना होगा। हैड ने अब तक इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो शतक लगाये हैं और सबसे अधिक रन बनाये हैं। शॉर्ट बॉल को जल्दी पहचानने की क्षमता के कारण ही वह बड़े शॉट लगाने में सफल हुए हैं। इस सीरीज की अपनी पहली पारी में 11 रन पर आउट होने के बाद से ही हेड ने अपने अगले तीन मैचों में 89, 140 और 152 रन बनाए हैं। उन्होंने गुलाबी गेंद के दिन-रात्रि टेस्ट में भी अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर 1-1 से बराबरी हासिल की थी। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि वह बहुत चतुर क्रिकेटर है। मैंने उन्हें तीन साल पहले देखा था पर अब लगता है कि उनमें काफी सुधार हुआ है। विशेष रूप से वह जिस तरह शॉर्ट गेंदों को खेलते हैं। पहले वह इस गेंद को खेलने के लिए तैयार रहते थे पर अब उन्होंने इसे छोड़ना भी सीख लिया है। गेंद की 'लाइन एवं लेंथ को जल्दी से परखने की क्षमता हैड को सही स्ट्रोक खेलने का समय देती है। शास्त्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमेशा शॉर्ट गेंद पर बड़ा शॉट लगाना होता है। वह या तो इसे छोड़ने या बड़े शॉट लगाने के लिए तैयार रहते हैं और अगर गेंद मिडिल या ऑफ स्टंप है, तो वह इसे स्क्वायर के सामने भी मारते हैं।

## सैम अयूब ने दक्षिण अफ्रीका में लगाया दूसरा वनडे शतक, कोहली की सूची में हुए शामिल

नईदिल्ली, ,(ए)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को उसकी धरती पर वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप किया और इतिहास में ऐसा करने वाली पहली टीम बनी।यह जीत मुख्य रूप से सैम अयूब के शानदार प्रदर्शन की वजह से मिली, जिन्होंने जोहान्सबर्ग में हुए तीसरे वनडे में शतक बनाया।अयूब ने 94 गेंदों पर 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 101 रन की पारी खेली।आइए उनके द्वारा बनाए रिकॉर्ड्स के बारे में जानते हैं।

तीसरे वनडे में अयूब का शतक इस सीरीज का उनका दूसरा शतक था।इसके साथ ही वह दक्षिण अफ्रीका में द्विपक्षीय वनडे सीरीज में एक से अधिक शतक लगाने वाले मेहमान बल्लेबाजों में शामिल हो गए। इस सूची में डेविड वार्नर, फखर जमान, जो रूट, केविन पीटरसन और विराट कोहली जैसे महान क्रिकेटर शामिल हैं।जोहान्सबर्ग में वनडे शतक लगाने वाले अन्य एशियाई बल्लेबाज शिखर धवन, फखर जमान, सौरव गांगुली, सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा हैं।

पहली पारी में पाकिस्तान ने निर्धारित 47 ओवरों में 308/9 का विशाल स्कोर बनाया। यह मुख्य रूप से अयूब की शानदार पारी की वजह से संभव हुआ।उन्होंने बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान का अच्छा साथ मिलकर क्रमश: 114 और 93 रन की साझेदारी की।बाबर ने 52 रन बनाए, जबकि कप्तान रिजवान ने 53 रन की पारी खेली।दक्षिण अफ्रीका से कगिसो रबाडा ने 3 और मार्को येंसन ने 2 विकेट लिए।

# रासलीला के छठवें दिन राज्य सभा सांसद नारोलिया और नपाध्यक्ष नीतू यादव ने की पूजा





नर्मदापुरम (निप्र)। धार्मिक नगरी नर्मदापुरम में निरंतर धार्मिक आयोजन का क्रम जारी रहता है। बीते छह दिनों से समेरिटंस स्कूल के सामने स्वयंवरम गार्डन में रासलीला का आयोजन जारी है। सोमवार को रासलीला महोत्सव में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, नपाध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव, डा आशुतोष शर्मा व प्रमोद शर्मा ने युगल सरकार की पूजा अर्चना की। हर दिन बडी संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं। रासलीला के अंतर्गत पनघट लीला का दर्शन कराया गया। जिसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। लीला में नगर के धर्माचार्य आचार्य पं अजय दुबे का सम्मान किया गया।

**छप्पन भोग आज अंतिम दिवस होगी होली**

सप्तम दिवस मंगलवार को छप्पन भोग लीला का दर्शन होगा। जबकि समापन दिवस बुधवार को बृज की होली की लीला होगी।

# कमिश्नर ने निर्देश पर एवं संयुक्त टीम द्वारा दी गई समझाईश के बाद नहर के एस्केप खुला रखने पर ग्रामीणों ने दी सहमति

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर के.जी. तिवारी ने 21 दिसम्बर को शुक्करवाडा उप नहर की चैन क्रमांक 857 का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान किसानों के बताया था कि ग्राम आहारखेडा में बने नहर की जल निकास नालियों पर कुछ लोगो ने अतिक्रमण कर लिया है। जिस पर जल निकासी ना होने से नहर ओवर फ्लों होकर किसानों के खेतों तक पानी चला जाता है। कमिश्नर ने मौके पर ही दूरभाष पर एसडीएम नीता कोरी को निर्देश दिए थे कि वे नहर की एस्केप को खुला कराएं। निर्देश के परिपालन में एसडीएम द्वारा एसडीओ जल संसाधन पीएल दायमा एवं नायब तहसीलदार तथा राजस्व अमले एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई थी। संयुक्त टीम ने शुक्करवाडा उप नहर की चैन क्रमांक 857 में बने एस्केप का निरीक्षण कर ग्रामीणों को समझाईश दी। समझाईश के बाद सभी लोगो ने जल निकासी एस्केप को खुला रखने की सहमति दी।



# अटॉर्नी जनरल ऑफ़ इंडिया ने रेशम परिसर मालाखेड़ी का भ्रमण किया

नर्मदापुरम (निप्र)। अटॉर्नी जनरल ऑफ इंडिया आर वेंकटरमनी ने सोमवार को मालखेड़ी स्थित रेशम परिसर का भ्रमण किया। अटॉर्नी जनरल ऑफ इंडिया श्री वेंकटरमनी ने मालाखेड़ी रेशम परिसर में मलबरी में रेशम टसर रेशम धागा करण गतिविधियों का अवलोकन किया तथा परिसर में स्थित प्राकृत शोरूम में विभिन्न रेशम वस्त्र उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने प्राकृत रेशम शोरूम में शुद्ध रेशमी वस्त्र, मलबरी टसर रेशम की संपूर्ण प्रक्रिया धागों से वस्त्र उत्पादन की समस्त गतिविधियों का अवलोकन किया। जिला रेशम अधिकारी रविंद्र सिंह ने अटॉर्नी जनरल ऑफ इंडिया को बताया कि मूंगा रेशम पचमढ़ी में होता है जिसे साउथ सिल्क या मलबरी सिल्क के नाम से भी जाना जाता है। ऐरि सिल्क थोड़ा वार्म होता है। हैंड एवं मशीन से भी यह बनाया जाता है। रविंद्र सिंह ने गोल्डन सिल्क मूंगा सिल्क ,प्योर मूंगा सिल्क , गोल्ड आर्ट पेंट साड़ी, आदि के संबंध में जानकारी दी और बताया कि रेशम के कार्य में संलग्न श्रमिकों को भुगतान सीधे श्रमिकों के खातों में ही किया जाता है।



# जनकल्याण अभियान : अधिकारी शिविरों में प्राप्त आवेदन के यथासंभव निराकरण के साथ पात्रतानुसार हित लाभ वितरण भी सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## पचमढ़ी महोत्सव के लिए किये जाए व्यापक इंतजाम

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिले में संचालित मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान और प्रशासन गांव की ओर अभियान की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और इन अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। कलेक्टर ने ब्लॉक और नगरीय निकायों में किए जा रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की और कहा कि जिन निकायों में कम आवेदनों की प्राप्ति हो रही है, वहां डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही अधिकारियों को यह निर्देश भी दिये कि वे अपने संबंधित विभागों में संचालित योजनाओं के पात्र हितग्राहियों की संभावित लक्ष्य निर्धारित करें और शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण शीघ्रता से करें। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिले और शत-प्रतिशत सैचुरेशन हो। कलेक्टर ने जनकल्याण पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी अपडेट करने के सबंध में सभी अधिकारियों को यह निर्देशित किया कि वे संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगर पालिका अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके आवेदनों का विवरण पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि यह अभियान शासन की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है और इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी फील्ड भ्रमण कर अभियान की प्रगती की समीक्षा करें। इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने जनकल्याण अभियान के अधिक सुचारु क्रियान्वयन के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अपने-अपने अनुविभाग का नोडल ऑफिसर नियुक्त करने का निर्देश दिया।



# जनहित एवं लोक कल्याण ही सुशासन का मुख्य उद्देश्यः पूर्व आई.ए.एस. चंद्रहास ब्योहार

नर्मदापुरम (निप्र)। सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में वर्ष 1996 के नर्मदापुरम जिले के पूर्व कलेक्टर और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी चंद्रहास ब्योहार ने अधिकारियों को सुशासन के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। कार्यशाला की शुरुआत में कलेक्टर सोनिया मीना ने सभा कक्ष में उपस्थित सभी अधिकारियों को श्री ब्योहार से परिचित कराया और उनके कार्यशाला में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि रिटायर्ड आईएएस तथा नर्मदापुरम के पूर्व कलेक्टर चंद्रहास ब्योहार वर्ष 1996 - 1997 के दौरान नर्मदा पुरम जिले की कलेक्टर के पद पर रहते हुए अपनी सेवाऐं दे चुके हैं।

# मांग के अनुसार ही नहर में सिंचाई हेतु पानी का प्रवाह किया जा रहा है - ईई जल संसाधन विभाग श्री सराफ

नर्मदापुरम (निप्र)। जल संसाधन विभाग के ई ई अंकित सराफ ने बताया कि नर्मदापुरम उप नहर के कमांड क्षेत्र के कृषकों की फसलों में सिंचाई हेतु पानी की मांग किसानों द्वारा मांगे गए डिमांड के अनुसार ही दी जा रही है। नहर में जल का प्रवाह किया जा रहा है। विगत एक सप्ताह से 150 क्यूसेक से अधिक डिस्चार्ज नहर में छोड़ा जा रहा है। जिससे टेल क्षेत्र तक के सभी कृषकों को समय पर सिंचाई हेतु भरपूर पानी मिल रहा है। समय पर पानी मिलाने से किसानों की फसले हरी भरी है। नहर के अतिरिक्त पानी को चैनेज 950 पर निर्मित एस्केप से नाले में निकाला जा रहा है। श्री सराफ ने बताया कि गत दिवस यह खबर प्रकाशित हुई थी कि कॉलोनियों में बह रहा नहर का पानी, सिंचाई के लिए नहीं मिल रहा के संबंध में उन्होंने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि नर्मदापुरम के कमांड क्षेत्र के किसानों को मांग के अनुसार भरपूर पानी दिया जा रहा है।






# नेशनल हैंडबॉल में मोनालिसा करेंगी प्रतिनिधित्व

नर्मदापुरम (निप्र)। समेरिटन्स इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम की छात्रा एवं हिमालय हैंडबॉल अकादमी की खिलाड़ी कुमारी मोनालिसा विश्वास का चयन 46वी ओपन जूनियर नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता 2024 में हुआ है। यह प्रतियोगिता तमिलनाडु के डिंडीगुल में 27 दिसंबर तक आयोजित होगी। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा, प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, जिला क्रीड़ा अधिकारी खेल विभाग सुश्री उमा पटेल, सचिन खम्परिया, विनोद कुमार साहू, ऑस्कर एरिन मोजेस ने उज्वल भविष्य की कामना की।

# हर बच्चा पढ़ेगा और लिखेगा तो देश आगे बढ़ेगा- रजत मिश्रा

-स्कूल में पहुंच जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री प्रदान कर बैंक ने मनाया 114वां स्थापना दिवस

-समारोह में बैंक कर्मियों ने दी प्रस्तुति, बैकिंग उपलब्धियों और योजनाओं पर डाला प्रकाश




नर्मदापुरम (निप्र)। स्थापना दिवस पर देश के पहले स्वदेशी बैंक सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के संभागीय कार्यालय के पदाधिकारियों व स्टाफ के द्वारा स्कूल में पहुंच कर जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री प्रदान की गई। बैक् के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों ने 114 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर आईटीआई प्राथमिक शाला के बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख रजत मिश्रा ने कहा कि हर बच्चा पढ़ेगा और लिखेगा तो देश आगे बढ़ेगा। बैंक के कर्मचारियों ने जरूरतमंद बच्चों के बीच कॉपी, पुस्तकें, पेन, पेंसिल, रबर, कटर आदि अनेक शिक्षण सामग्री प्रदान की जिससे बच्चों में खुशी झलक रही थी।

**समारोह में बैकिंग उपलब्धियों और योजनाओं जानकारी दी**

बैंक स्टाफ द्वारा 114 वें वर्ष के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा तथा क्षेत्रीय प्रमुख रजत मिश्रा मौजूद रहे। इस अवसर पर ग्राहकों व उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक कर्मियों का सम्मान भी किया गया। वहीं कर्मचारियों ने उत्साह के साथ गीत संगीत नृत्य और नाटक की प्रस्तुति दी। इस मौके पर रजत मिश्रा ने कहा कि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया पहला स्वेदेशी बैंक है। इसी बैंक ने सबसे पहले बचत खाता, आवर्ती खाता व विशेष क्रेडिट कार्ड व लाकर की शुरूआत की थी। इसकी स्थापना सर सोराबजी पोचखानवाला ने सन 1911 में मुंबई में पांच कमरों से की थी। आज बैंक की देशभर के सभी राज्यों में 4500 से अधिक शाखाएं हैं। 6.50 लाख करोड़ का व्यवसाय करते हुए 1500 करोड़ के मुनाफे में बैंक संचालित हो रहा है। प्रदेश के साथ जिले में लीड बैंक के रूप में बैंक भूमिका में है। उन्होने बैंक के उत्पादों खासकर इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैकिंग पर प्रकाश डालते हुए ग्राहकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। साथ ही ग्राहकों से वायदे किए कि संस्थापक द्वारा दिखाए गये रास्ते पर बदलते बैंकिंग परिदृश्य में नवोन्मेष और उत्तरदायी बैंकिंग के पथ पर अग्रसर रहेगें। आयोजन में ग्राहकों के लिए नई योजनाओं और सेवाओं की शुरुआत की गईए जिसमें स्थायी कर्मचारियों के लिए सेंट सैलरी एलीवेट, एम्पावर, एस्टीम नामक नया बचत वेतन खाता शुरू कर रहा है जो कि केंद्र या राज्य सरकार, अर्धसरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम तथा निगम, एमएनसी, कॉरपोरेट अथवा 50 से अधिक कर्मचारी वाले शैक्षणिक संस्थान को बैंक द्वारा व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु बीमा कवर के साथ वेतन खाते के लिए क्षेत्रीय कार्यालय की मांग के अनुसार, बैंक ने वेतन वर्ग खंड को लक्षित करने के लिए वेतन खाताधारकों के लिए निःशुल्क व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु बीमा कवर 10 लाख, 50 लाख, 1 करोड़ के साथ एक विशेष समर्पित वेतन खाता उत्पाद शुरू किया है।

**रीजनल इंडस्ट्री से बैकिंग सेक्टर होगा मजबूत**

श्री मिश्रा ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इससे बैंकिंग सेकटर मजबूत होगा। उद्योग व्यापार और निवेश गतिविधियों के प्रोत्साहन में बैकिंग सेक्टर की हर संभव कोशिश होगी। एमएसएमई देश की रीढ़ है और देश के विकास में महत्वपूर्ण है। भारत का बैंकिंग क्षेत्र पर्याप्त रूप से पूंजीकृत और अच्छी तरह से विनियमित है। बैंकिंग क्षेत्र सुधारों के योजनाओं ने भारत के वित्तीय समावेशन को काफी हद तक बढ़ाया है और देश में ऋण चक्र को बढ़ावा देने में मदद की है।

**साइबर फ्राड से बचने के टिप्स बताए**

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय प्रमुख श्री मिश्रा ने कहा कि छोटे निवेश से बड़ी कमाई के लालच में कतई न फंसें, अनजान कॉल आए तो सावधान हो जाएं। बैंक कभी भी किसी ग्राहक से बिना वजह डिटेल या ओटीपी नहीं मांगता है, अगर कोई बैंक अधिकारी या प्रतिनिधि बनकर ओटीपी मांगता है, तो तत्काल शाखा में संपर्क करें।

# सूचना तामिली कराने पहुंचे कोटवार को बंधक बनाकर पीटा

## कोटवार संघ ने की पिता.पुत्र की गिरफ्तारी की मांग

नर्मदापुरम। सोहागपुर (निप्र)। नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर के कलमेसरा गांव में नक्शा बटांकन के सूचना पत्र की तामिली कराने गए ग्राम कोटवार को बांधकर पिता पुत्र द्वारा बेहरमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है।

पिता.पुत्र ने इतनी पिटाई की कि उसके पैर और हाथों में बेल्ट के निशान बन गए व चोट आई। मामले की जानकारी लगने पर कोटवार संघ ने प्रशासन से पिता पुत्र की गिरफतारी करने साथ ही उनके खिलाफ कडी कार्रवाई करने की मांग की है।

## मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्थाओं के लिए दो दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण का शुभारंभ

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, नर्मदापुरम द्वारा नवांकुर संस्थाओं के लिए 23 एवं 24 दिसंबर 2024 दो दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र, पवारखेड़ा में किया गया। उद्घाटन सत्र में अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक धीरेन्द्र पांडे, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, नर्मदापुरम संभाग के टास्क मैनेजर सैयद शाकिर अली जाफरी, और संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी, जिला समन्वयक पवन सहगल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि जन अभियान परिषद ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता है।


## कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य) नर्मदापुरम

( कलेक्टर कार्यालय परिसर )

क्रमांका/आ0वि0/नि02024/ 5271 नर्मदापुरम दिनांक-18/12/2024

---विज्ञप्ति---

कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग क्रमांक 01 नर्मदापुरम के ज्ञाप क्रमांक / 6361/ दिनांक 4.11.2024 के अनुसार सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग नर्मदापुरम के व्दारा संचालित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक शाला केसला विकासखण्ड केसला परिसर में स्थित जीर्ण-शीर्ण भवन कक्रमांक 1,4 एवं 5 एवं पत्र क्रमांक /6359/ दिनांक 4.11.2024 के व्दारा जीर्ण-शीर्ण भवन क्रमांक 2 एवं 3 को कंडम घोषित की अनुशंसा की गयी है तथा कार्यालय कलेक्टर जिला नर्मदापुरम के पत्र क्रमांक / 17567/ दिनांक 29.11.2024 एवं पत्र क्रमांक 16710/व0लि0-2/ दिनांक 14.11.2024 व्दारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक शाला केसला के जीर्ण-शीर्ण भवन क्रमांक 1, 2, 3,4, एवं 5 को कंडम घोषित कर तोडने की अनुमति प्रदान की गयी है।

अतः कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग क्रमांक 01 नर्मदापुरम के उक्त पत्रो में भवन के ध्वस्तीकरण से निकलने वाली कीमती सामग्री (पुरानी ईंट, पुराना लोहा, लकडी, छत में लगी सीमेंट, शीट/लोहा शीट इत्यादि) की नीलामी की कार्यवाही इकाई समिति व्दारा की जावेगी।

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था को नीलामी सूचना प्रकाशन के बाद दिनांक 27.12.2024 को दोपहर 2.00 बजे कार्यालय में नीलामी बोली की कार्यवाही की जावेगी। अमानत राशि सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य नर्मदापुरम के नाम से बैंक डी.डी. बनवाकर बोली कार्यवाही के पूर्व जमा करना होगा नीलामी से संबंधित शर्ते, अमानत राशि एवं फार्म व अन्य जानकारी कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकेगी ।

जी/20685/24

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

सहायक, आयुक्त,
जनजातीय कार्य नर्मदापुरम


# नपाध्यक्ष नीतू यादव ने किया ट्रेचिंग ग्राउंड का निरीक्षण

## कंपनी को कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की प्रतिविधियां प्रारंभ है। नगर के खोजनपुर क्षेत्र में बने ट्रेचिंग ग्राउंड के कचरे को खत्म करने का कार्य मशीन द्वारा किया जा रहा है। जिसका सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा निरीक्षण किया। उन्होंने कचरा का निपटान कर रही कंपनी के सुपरवाई को निर्देश दिए कि कार्य को समय सीमा में पूर्ण करें। जिससे कि समय पर कचरे का ढेर साफ हो जाए। यहां कार्य करते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद तेजकुमार गौर, जीतू तिवारी, अतुल भंडारी, उपयंत्री प्रतिमा बेलिया, कंपनी के कर्मचारी उपस्थित थे।

**कचरा निपटान की देखी प्रक्रिया**

नपाध्यक्ष नीतू यादव द्वारा बताया गया कि ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरा निपटान के लिए लगाई गई वेस्ट ट्रोमल रिसाइकिल मशीन द्वारा किए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया गया है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगा कचरा का ढेर जल्द से जल्द यहां से हट जाए और लोगों को राहत मिले। ग्वालियर की कंपनी इस कार्य को कर रही है।

**सुरक्षा का ध्यान रखें**

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कार्य करते समय स्वास्थ्य और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। लापरवाही न बरतें। मास्क पहनकर ही यहां कार्य करें।

**8 माह का समय दिया है**

उपयंत्री प्रतिमा बेलिया ने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर चल रहे कार्य की जानकारी नपाध्यक्ष श्रीमती यादव को दी। उन्होंने बताया कि ग्वालियर की कंपनी द्वारा 8 माह में यहां का कचरा साफ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वेस्ट ट्रोमल रिसाइकिल मशीन द्वारा कचरे का पृथकीकरण किया जा रहा है। जिसमें पालिथिन, प्लास्टिक, लोहा, पत्थर और खाद अलग अलग हो रहे हैं। इन्हें अलग अलग कर निपटान किया जाएगा।


## कार्यालय परिसमापक, कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाऐं, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

क्रमांक/परिसमापन /2024/ क्यू नर्मदापुरम दिनांक 13.11.2024

: सूचना पत्र :

कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ जिला नर्मदापुरम के द्वारा निम्नलिखित सहकारी समितियों को मध्यप्रदेश सहकारी अधिनियम 1960 की धारा-69 (1) के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 (1) के अंतर्गत मुझे संशोधित आदेश के द्वारा परिसमापक नियुक्त किया गया है :-

| क्रं | संस्था का नाम | पंजीयन कमांक एवं दिनांक | परिसमापन आदेश |
|---|---|---|---|
| 1 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित लोहारियाकला | 2551/26.02.1996 | 3139/13.11.2024 |
| 2 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित्त मुंडियाखेडी | 2562/26.02.1996 | 3140/13.11.2024 |

अतः मध्यप्रदेश सहकारी अधिनियम 1962 के नियम-57 ग के अतंर्गत उक्त संस्था के समस्त दावेदारों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे संस्था के विरूद्ध अपने समस्त दावों को सूचना के प्रकाशन दिनांक से 02 माह के अंदर मय प्रमाण के यदि हो तो मुझे लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते है। त्रुटि की दशा में साहुकारगण किसी भी लाभ के बटवारें से वंचित होने के दायित्वाधीन होगें। यदि 02 माह की अवधि में किसी दावेदार द्वारा कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया तो बाद में उसका दावा (क्लेम) मान्य नही किया जावेगा एवं संस्था की लेखा पुस्तकों में लेखबद्ध समस्त दायित्व स्वयमेव मुझे विधिवत प्रस्तुत किये गये समझे जायेगे। यह सूचना पत्र आज दिनांक 13.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पद मुद्र से जारी किया गया ।

( दिनेश भालेकर )
परिसमापक एवं उप अंकेक्षक
कार्यालय उप पंजीयक
सहकारी संस्थाएँ नर्मदापुरम

जी/20703/24

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com